बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 06 जून 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 129 | मूल्य - 5 रुपये

बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली

SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY) महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY) और मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Haddtoli Gondia (Maharashtra) 441601 www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884 7507716433, 8624920084

7 Years | SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07

...और दिखाओ...और दिखाओ
और दिखाओ...और दिखाओ...!!!
...खुबसुरत साड़ियों के लिए तो सिर्फ...यहींच...संभव
बरकरार रखो | चुनने का मजा...
मो. 9325481081 9423113147
पंकज — खास साड़ीयों का खास संग्रह
गोंदिया

## सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन आवेदन की अंतिम तिथि सात जून तक बढ़ाई..

**नई दिल्ली। (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर सात जून कर दी है।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कई छात्रों ने दो जून को शुरू किए गए सीबीएसई के एक पोर्टल पर उत्तर पुस्तिकाओं को देखने तथा सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने में आ रही समस्याओं को उठाया था।

बोर्ड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷छात्रों के हित में, सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे छात्रों को प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय और सहायता मिल सकेगी। इसमें कहा गया है कि छह जून (मध्यरात्रि) की समय सीमा को अब बढ़ाकर सात जून (मध्यरात्रि) कर दिया गया है।

## दिल्ली में लागू होगा आपदा प्रबंधन कानून, जिलाधिकारी को अनधिकृत निर्माण पर मिलेगा कार्रवाई का अधिकार..

***नई दिल्ली, (भाषा)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार के दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों से नुकसान की भरपाई कराएगी और आपदा प्रबंधन अधिनियम (डीएमए) 2005 लागू करेगी। मुख्यमंत्री की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब तीन दिन दिन पहले दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में लगी भीषण***

आग में 21 लोगों की मौत हो गई थी, जिसे निर्माण नियमों की अनदेखी करके बनाया गया था। गुप्ता द्वारा कई विभागों के साथ की गई बैठक में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 को लागू करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, लापरवाह या भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों को अब आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसमें भारी जुर्माने के साथ दो साल तक की कैद की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जिनकी लापरवाही या मिलीभगत से अवैध निर्माण, अग्निसुरक्षा नियमों का उल्लंघन या अन्य खतरनाक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने इससे पहले कहा था कि दिल्ली सरकार आदेशों के उल्लंघन और मिलीभगत के लिए दो साल की जेल की सजा लागू करने के वास्ते डीएमए अधिनियम का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने कहा, इस अधिनियम के तहत अधिकारियों के वेतन, पेंशन और यहां तक कि उनकी संपत्तियों से नुकसान की वसूली करने के प्रावधान हैं। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से स्पष्ट किया है कि सरकारी नुकसान के मुआवजे की प्रक्रिया अब केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी। एक बयान के अनुसार, गुप्ता ने कहा, राजस्व वसूली अधिनियम, 1890 के तहत, सरकार को हुए नुकसान की भरपाई दोषी अधिकारियों के वेतन, पेंशन और संपत्तियों से की जाएगी। इसके अलावा, बिल्डर, संपत्ति मालिकों और कॉलोनाइजर (कॉलोनी विकसित करने वाले व्यक्ति) के बैंक खातों तथा चल एवं अचल संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा।

इसके अलावा दिल्ली में विभिन्न एजेंसियों और निकायों के बीच प्रशासनिक अधिकारों के बिखराव के कारण अक्सर नियमों का कड़ाई से पालन नहीं हो पाता था और अधिकारी जिम्मेदारी लेने से बचते थे। इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार ने जिलाधिकारियों की शक्तियों को और प्रभावी बनाने का फैसला किया है।

सूद ने कहा कि जिलाधिकारियों को इमारतों के नियमों के उल्लंघन की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि भूतल और चार मंजिल से ऊपर की किसी भी इमारत को तुरंत सील कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, जिलाधिकारियों के पास जल्द ही अपने प्रशासनिक जिलों के भीतर किसी भी विभाग में काम करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने, सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने, प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने, छुट्टी मंजूर या रद्द करने और अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का व्यापक अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को शहर में अवैध निर्माण हटाने को लेकर दैनिक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। नए आदेशों के तहत जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में संयुक्त निरीक्षण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में पुलिस, अग्निशमन सेवा और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी शामिल होंगे।

सूद ने कहा, वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी गेस्ट हाउस, होटल, रेस्तरां, विवाह भवन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण करेंगे और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपेंगे। गुप्ता ने कहा कि वैध पूर्णता प्रमाण पत्र न रखने वाली इमारतों को नए पानी या बिजली के कनेक्शन या अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिए जाएंगे। उन्होंने सभी जारी अवैध निर्माण और उनके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की विस्तृत सूची भी मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की एपीएआर (वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट) में नकारात्मक टिप्पणी दर्ज की जाएगी, जिसका प्रभाव उनके भविष्य के करियर पर पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जवाबदेही केवल अधीनस्थ कर्मचारियों तक सीमित नहीं होगी बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों तक बढ़ाई जाएगी।

गुप्ता ने कहा, ÷जहां कहीं भी निर्माण में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, वहां काम तुरंत रोक दिया जाना चाहिए, और इमारत के मालिक, बिल्डर या कॉलोनाइजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने तथा कानूनी कार्रवाई शुरू करने की प्रक्रिया बिना किसी देरी के शुरू होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से अधिकारियों को 17.5 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली इमारतों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING: POLYTECHNIC, B.TECH | M.TECH (Part Time / Full Time, AICTE Approved)
• Civil Engg. • Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Mining Engg. • Computer Sc. & Engg. • Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML) — 100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY (PCI Approved): • D. PHARMACY • B. PHARMACY • M. PHARMACY (Pharmacology / Pharmaceutics)
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE: • B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.) • B.Tech (Agril) • Diploma • ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW: • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M. (BCI Approved)
MANAGEMENT: •BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL | BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

## अमेरिका : संघीय न्यायाधीश ने 39 देशों के लिए लागू ट्रंप की आव्रजन नीति को रद्द किया..

**बोस्टन, (एपी)।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की उस नीति को रद्द कर दिया, जिसकी वजह से 39 देशों के प्रवासियों के लिए देश में रहना और प्रवेश करना मुश्किल हो गया था। इस नीति को नेशनल गार्ड के दो सदस्यों पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद लागू किया गया था। ट्रंप प्रशासन की कड़ी आलोचना करते हुए एक फैसले में, अमेरिकी जिला मुख्य न्यायाधीश जॉन मैककोनेल जूनियर ने कहा कि इस नीति ने ''अमेरिका में रहने वाले अनगिनत प्रवासियों के जीवन को अनिश्चित कानूनी भंवर में धकेल दिया है।'' उन्होंने अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाओं पर कानून की अनदेखी करने का आरोप लगाया। पिछले साल हुई गोलीबारी की घटना के बाद लागू की गई नीतियों के कारण 39 अफ्रीकी, एशियाई, लातिन अमेरिकी और पश्चिम एशियाई देशों के प्रवासियों को उनके शरण, वर्क परमिट, ग्रीन कार्ड और नागरिकता आवेदनों पर अंतिम निर्णय प्राप्त करने से पूरी तरह से वंचित कर दिया गया था।

## उत्तरखंड के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना..

**देहरादून, (भाषा)।** उत्तराखंड के टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, पिथौरागढ़, देहरादून और बागेश्वर जिलों के कुछ हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज, बिजली और ओलावृष्टि होने की संभावना है। देहरा दून मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैदानी जिलों हरिद्वार और उधम सिंह नगर के अलावा अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। थपलियाल ने कहा कि मौसम प्रणाली की तीव्रता में शनिवार से बदलाव आने की संभावना है, जिसकी वजह से पहाड़ी क्षेत्रों के कुछ स्थानों और मैदानी इलाकों के छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने यह भी कहा कि मौसम संबंधी गतिविधियां सात जून से कम होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 7 से 9 जून के बीच, राज्य में समग्र वर्षा में कमी आने की संभावना है। हालांकि, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर सहित ऊपरी पहाड़ी जिलों के कुछ अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। इस बीच, शुक्रवार को उत्तराखंड में कई स्थानों पर बारिश हुई जिसके कारण तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गयी। देहरादून मौसम केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, पौड़ी में 31.5 मिमी, देहरादून के मोहकमपुर में 26.0, नैनीताल में 24.5, श्रीनगर में 13.0, बदरीनाथ में 11 मिमी तथा देहरादून में नौ मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गयी। बारिश के कारण प्रदेश के विभिन्न स्थानों के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी । देहरादून में दिन का अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से छह डिग्री कम रहा।

Directorate General of Training | Skill India कौशल भारत-कुशल भारत | RECOGNISED BY DGT & NCVT
SWAMI VIVEKANAND INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE (SVITI), BALAGHAT
A STEP TOWARDS A SKILLED & BRIGHT FUTURE
ADMISSION OPEN 2026-27
TRADES OFFERED: ELECTRICIAN, FITTER
WHY CHOOSE SVITI?
Recognised by DGT & NCVT
Experienced & Qualified Faculty
Well Equipped Workshops
100% Placement Assistance
Practical Training with Industry Exposure
Bright Future in Skilled Jobs & Higher Studies
Surbhi Nagar, Near Moti Talab Chowk, BALAGHAT
7000627847 7000482405

SONO VIEW
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S. Diplomate of National Board Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR M.B.B.S., D.C.H. बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY: Color Doppler, Power Doppler Imaging, B-flow Imaging, Tissue Harmonic Imaging, Transrectic & TV Sonography, Pediatric Sonography, Orbital Sonography, Breast, Thyroid, Scrotal Sonography, Neonatologist Neurosonogram, 2 D Echo Cardiography, Foetal Echo, Whole Body Ct Scan, Digital X-ray Digital Radiography System, M.R.I.
DIGITAL X-RAY: 2D, 3D/4D High Resolution Sonography, 2D Echo, Colour Doppler, Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
जगप्रेरणा मे क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे, संपर्क करे.. मो. 9329033433

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मूळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द • पित का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द • आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त रसनिर्मित औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरूप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik) आयुर्वेद चिकित्सक पंचकर्म चिकित्सक 7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

KINETIC GREEN
JAB CHAHIYE HO DOOR TAK PAHUNCH
BP E VEHICLES AUTHORIZED DEALER
Contact - 8517852365, 7566752365



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## सिवनी का गौरव: अथर्व कौरव ने जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



**जगप्रेरणा सिवनी।**

*सिवनी जिले के युवा खिलाड़ी अथर्व कौरव ने भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप* (30 मई - 3 जून 2026) में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक **(Bronze Medal)** जीतकर राष्ट्रीय पटल पर सिवनी का नाम गौरवान्वित किया है। सिवनी जैसे छोटे जिले से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का सिलसिला यह साबित करता है कि यहाँ की खेल प्रतिभाएँ अब पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बना चुकी हैं।

### किकबॉक्सिंग एक विश्वस्तरीय और प्रैक्टिकल मार्शल आर्ट्स..

किकबॉक्सिंग आज विश्व की सबसे लोकप्रिय और प्रभावकारी मार्शल आर्ट्स विधाओं में से एक है। यह एक 'फुल-कॉन्टैक्ट' और 'हाइब्रिड' खेल है, जो स्ट्रीट फाइट और सेल्फ-डिफेंस में अत्यधिक कारगर है। यही कारण है कि बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी फिटनेस और सुरक्षा के लिए इसे प्राथमिकता दे रहे हैं। हाइब्रिड होने के कारण किकबॉक्सिंग के खिलाड़ी अन्य मार्शल आर्ट्स विधाओं में भी आसानी से स्विच कर शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं, जो अन्य खेलों में दुर्लभ है।

### सफलता के पीछे का मार्गदर्शन..

अथर्व की इस सफलता के पीछे द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी, सिवनी का कुशल मार्गदर्शन है। एकेडमी के संचालक एवं अंतरराष्ट्रीय जज-रेफरी मास्टर निकेश पदमाकर, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोच के रूप में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने अथर्व की तकनीक और अनुशासन को तराशने में अहम भूमिका निभाई है। अथर्व को एकेडमी के सीनियर इंस्ट्रक्टर श्री योगेश नाविक की सटीक तकनीकी कोचिंग का भी विशेष लाभ मिला है।

अथर्व, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पवन कुमार कौरव के सुपुत्र हैं। उनकी इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर माननीय विधायक श्री दिनेश राय 'मुनमुन भैया', प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस ने हार्दिक बधाई दी है।

उनकी इस यात्रा को सफल बनाने में जिला किक बॉक्सिंग संघ, सिवनी के वरिष्ठ पदाधिकारियों: श्री संतोष अग्रवाल, श्री अजय 'बाबा' पांडे, श्री सुरेंद्रनाथ शुक्ला, श्री आशीष नागपुरे, श्री अवधेश 'पिंकी' त्रिवेदी, श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर, श्री आशीष अग्रवाल, श्री देवेंद्र सेन, श्री माधव दुबे, श्री देवेंद्र सिंह राजपूत, श्री नवीन नाविक, श्री दिनेश सेन एवं महात्मा गांधी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रश्मि गौर का विशेष सहयोग रहा है। साथ ही, मध्य प्रदेश किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष श्री विनोद सोनडवाले एवं महासचिव श्री आशुतोष दाधीच ने भी अथर्व को प्रोत्साहित किया है।

## कांग्रेस द्वारा 'इंदिरा भवन' जिला कार्यालय परिसर, पीजी कॉलेज एवं मालू कृर्षि फार्म में किया गया वृक्षारोपण..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा ''इंदिरा भवन'' जिला कार्यालय परिसर, पीजी कॉलेज एवं मालू कृर्षि फार्म में वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित-जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए। जैसा कि हम जानते है कि मानव का अस्तित्व पेड़, पौधे और वनों पर निर्भर है। कांग्रेस पार्टी के शासन काल में वन एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया गया है। वन संरक्षण अधिनियम 1980, वन प्राणी अधिनियम 1972, वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं अनेक पर्यावरणीय अधिनियम कांग्रेस पार्टी के शासन काल में लागू किए गए, आज हमारे देश में प्रति व्यक्ति वृक्ष संख्या मात्र 28 है।

एक पेड़ मॉं के नाम नारा देने वाली भाजपा ने सारे जंगल अड़ानी के नाम कर दिए है छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगल जिसे मध्य भारत का फेफड़ा भी कहा जाता है आदिवासियों और कांग्रेस के विरोध के बाद भी भाजपा सरकार ने लाखो पेड़ कटवा दिए। मध्यप्रदेश के सिंगरौली में अड़ानी पॉवर प्लॉट लगाने के लिए वहॉं उपलब्ध खनिज पदार्थो के खनन के लिए लाखो पेड़ो का काटा गया, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, म.प्र. विधानसभा नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह के विरोध के बाद भी प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने एक नही सुनी। इसी तरह केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार दीप में राहुल गांधी जी द्वारा पेड़ो की कटाई रोकने के लिए अंडमान निकोबार बचाओं अभियान चलाया है जिसमें भाजपा सरकार की मंशा लगभग 1.5 करोड़ पेड़ काटने की है जो कि 160 वर्ग किलोमीटर में घने वर्षा वन है। यह वन सिर्फ उद्योग पतियों को लाभ पंहुचाने और वर्षो से रहवासी आदिवासियों को विस्थापित करने के लिए करोड़ो पेड़ काटे जा रहें है। भाजपा सरकार ने दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वतमाला अरावली के जंगल भी उद्योग पतियों के हवाले करने जा रही थी कांग्रेस और वन प्रेमियों के भारी विरोध के कारण अरावली पर्वत के वन बचे हुए है। भाजपा वृक्षारोपण के नाम पर केवल दिखावा कर रही है आज जो देश में जो पर्यावरण असंतुलन दिख रहा है वह भाजपा सरकार द्वारा उद्योग पतियों का जेब भरने के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई की अनुमति देना है यदि समय रहते हम सचेत नही हुए तो आने वाले दिनों में पर्यावरण को लेकर देश में स्थिति और चिंताजनक हो जाएगी।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफ अंसारी, अतुलचंद मालू, राजिक अकील, रंजीत यादव, तनवीर अहमद, आदित्य मोन्टू भूरा, राकेश सनोडिया, नितिन डेहरिया, गिडियन टीसिंह, ध्रुवनारायण चैधरी, आजम दीवान अली, अशोक नरेती, विनोद नामदेव, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, नन्दू यादव, सुजीत गोदरे, शिवदीप डेहरिया, नितिन बघेले, सतेन्द्र बघेल, आरिफसफ्री, राकेश बघेल, शुभम बघेल, लीलाधर मरप्पा, अदनान खान, आसिम मंसूरी सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## कहानी मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों में भाजपा ने किया सघन पौधरोपण, 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने का लिया संकल्प..





**बलजीत सिंह, जगप्रेरणा धनौरा।**

भारतीय जनता पार्टी मंडल कहानी द्वारा आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ यह आयोजन 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। इसके तहत कहानी मंडल के मेहता शक्ति केंद्र, कहानी शक्ति केंद्र एवं कहानी ग्रामीण शक्ति केंद्र में सघन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की रही गरिमामयी उपस्थिति..

इस गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल प्रभारी प्रमोद पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजा पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र गुमास्ता, महामंत्री भीमसिंह गुर्जर, महामंत्री रोहित उईके, मंडल उपाध्यक्ष भगवान दास शिवहरे, मंडल उपाध्यक्ष ममता ठाकुर और महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा गोलहनी उपस्थित रहीं। सभी वरिष्ठ जनों ने पौधों को रोपने के साथ ही उनके जीवित रहने और संरक्षण करने की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया।

### ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक..

अभियान के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को ग्लोबल वार्मिंग और बदलते मौसम के प्रति सचेत करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में अनिल देशमुख, अनुराग शिवहरे, श्याम पटेल, करन सल्लम, मनोज गुर्जर, मनोज सेन, मोहन शिवहरे, कमलेश कुशवाह, श्रीमती अंबिका शिवहरे, राजकुमार शिवहरे, पुरुषोत्तम शिवहरे, परम विश्वकर्मा, ललित अवस्थी एवं हॉस्टल अधीक्षक सुनीता बरकदे सहित कहानी मंडल के समस्त निष्ठावान कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## भीमगढ़ नवनिर्मित पुल पर हुआ सड़क हादसा, ट्रक की चपेट में आने से युवक की हुई मौत..

### क्षेत्रीय वासियों द्वारा पुल सहित दोनों छोरों पर प्रकाश व्यवस्था की मांग..





**जगप्रेरणा छपारा।**

विकास खंड के ग्राम भीमगढ में 4 जून को रात्रि हुए सड़क दुघर्टना में एक भीमगढ ग्राम के युवा की मौत से भीमगढ ग्राम सहित पूरे क्षेत्र में शौक व्याप्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भीमगढ के समीप नवनिर्मित पुल पर बीती गुरुवार रात्रि लगभग 12 बजे ग्राम भीमगढ निवासी शेख सादिक पिता शेख राहत 25 वर्ष की पुल पर एक गैंहू की बोरियों से भरे ट्रक की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई दूसरे दिन 5 जून शुक्रवार को सुबह मर्चुरी कक्ष में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद मृतक युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया एवं पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया गया एवं दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस द्वारा थाना परिसर में अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया।

वहीं दूसरी ओर उक्त दुर्घटना को लेकर ग्राम भीमगढ सहित क्षेत्रीय जनों द्वारा प्रशासन से मांग की जा रही है कि उक्त नवनिर्मित पुल सहित दोनों ओर प्रकाश व्यवस्था हो ताकि आगामी समय में किसी ओर अप्रिय घटनाएं ना हों ज्ञात हो कि भीमगढ पुल के निर्माण कार्य में लगभग 5 वर्षो का लंबा समय लग गया जिसमें क्षेत्रीय वासियों को आवागमन में ढेरों परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सबसे अधिक बारिश के महिनों में जब अधिकांशतः समीप स्थित जलाशय भीमगढ बांध के गेटों से पानी छोड़े जाने पर भीमगढ और क्षेत्रीय ग्रामों का छपारा मुख्यालय से पूरी तरह संपर्क टूट जाता था और जब यह पुल बनकर तैयार हो गया है तो ग्राम सहित क्षेत्रीय जनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है वहीं इस दुखद घटना में एक युवक को जहां परिवार ने खोया उससे उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा वहीं ग्राम भीमगढ सहित क्षेत्रीय जनों को झकझोर दिया है।

## ठेका भूमि विवाद पहुंचा कान्हीवाड़ा थाना

### कार्रवाई नहीं होने पर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत..



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

ग्राम बम्हनी निवासी फिरोज खान द्वारा कृषि भूमि के ठेके को लेकर कान्हीवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने ग्राम बम्हनी निवासी रामदयाल इनवाती से कृषि भूमि को चार वर्ष की अवधि के लिए विधिवत ठेके पर लिया था तथा निर्धारित ठेका राशि का पूर्ण भुगतान भी कर दिया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि का ठेका 16 दिसंबर 2024 से 16 दिसंबर 2028 तक के लिए 1 लाख 10 हजार रुपये में हुआ था। फिरोज खान का आरोप है कि पूरी राशि प्राप्त करने के बावजूद भूमि स्वामी ने ठेकानामे की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उसी भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को पुनः ठेके पर दे दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने भूमि की जुताई कर खेती की तैयारी भी कर ली थी, लेकिन कुछ दिन पूर्व भूमि स्वामी द्वारा दोबारा जुताई कराकर भूमि दूसरे व्यक्ति को सौंप दी गई। इसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी बताते हुए उन्होंने कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। फिरोज खान का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर उन्होंने मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज करा दी है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद कान्हीवाड़ा पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है और जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।

## धनौरा जनपद: ग्राम पंचायत साजपानी में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 'स्वच्छ गाँव-सुरक्षित जलवायु' अभियान के तहत पौधरोपण संपन्न..





**बलजीत सिंह, जगप्रेरणा धनौरा।**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, सुशासन और विकास के सफल कार्यकाल एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत साजपानी में गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश ग्रामीण एवं जनपद पंचायत धनौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत साजपानी में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' तथा 'स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु अभियान' के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर सघन पौधरोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही 01 जून से 05 जून 2026 तक चलने वाले विशेष जलवायु अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संतुलन को बेहतर करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि सशक्त और स्वच्छ गाँव से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। पौधरोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत साजपानी के जनप्रतिनीधि, भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने पौधों की सुरक्षा का दायित्व भी संभाला।

## वायु प्रदूषण रोकने वृक्ष लगाना जरूरी - सरवैया



**जगप्रेरणा सिवनी।**

वृक्ष लगाना आज के दौर में इसलिए भी जरूरी है क्योंकि लगातार बढ़ रही आबादी के बीच बढ़ रहा वायु प्रदूषण को हम सिर्फ वर्षो के माध्यम से ही रोक सकते हैं अगर वृक्ष नहीं होंगे तो हमारा जीवन व्यर्थ है वृक्ष हमें न केवल ऑक्सीजन देते हैं बल्कि जीने के लिए फल फूल अनाज सभी वस्तुएं प्रदान करते हैं इसके साथ मनुष्य का एवं अन्य जीवों का जन्म-जन्म अंतर से संबंध रहा है यह बात हमें नहीं भूलना चाहिए उक्त अधिकार कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश सवैया ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित सॉगोष्ठी एवं वृक्षारोपण के अवसर पर व्यक्त किया इस अवसर पर श्रीमती हर्षा बघेल ने कहा कि वृक्षों को लगाना ही हमारी प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए बल्कि इन्हें समय पर पानी एवं खाद मिलती रहे जिससे यह निरंतर आगे बढ़ते रहें स्कूल देश के साथ हमें वृक्षारोपण करना चाहिए तभी हमारा वृक्षारोपण करना सार्थक होगा

इस अवसर पर अशोक जैन ने कहा कि अगर हर व्यक्ति एक वृक्ष को सहेजे तो वह दिन दूर नहीं जब हम वर्षो से आच्छादित हो जाएंगे आज जिस तरह से जंगलों की कटाई चल रही है उसकी तुलना में पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं हो रहा हमने करोड़ों कल में सांस लेने के लिए पैसे देकर ऑक्सीजन खरीदी है यह आने वाले भविष्य का संकेत है इस अवसर पर सुमन डेहरिया नेहा नागल अनीता भट्ट समित शर्मा अलका, सोहन अहिरवार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन..







**जगप्रेरणा सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के मार्गदर्शन तथा इको क्लब प्रभारी डॉ. संदीप शुक्ला के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की वाटिका में फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बी. एस सी के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया इकोक्लब प्रभारी डॉ संदीप शुक्ला ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की आज के समय में जब हम बहुत सी पर्यावरण संबंधी समस्याओं से वैश्विक स्तर पर जूझ रहे हैं तो यह आवश्यक है की हर व्यक्ति पर्यावरण के लिए संवेदनशील हो तथा उसके संरक्षण में सदैव तत्पर हो। प्रचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के के साथ रोपित पौधों का नियमित रूप से ध्यान रखने पर जोर देते हुए पर्यावरण को प्लास्टिक रहित बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के लिए उपस्थित महाविद्यालय स्टाफतथा विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रो. रचना सक्सेना, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. मुक्ता मिश्रा , डॉ. प्रमोद चतुर्वेदी, डॉ धनेंद्र गुर्देकर, श्री राधे श्याम, श्री घनश्याम समेत अन्य सहायक स्टाफ भी उपस्थित हुए एवं पौधारोपण में सहयोग किया।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट के गर्रा में ढाबा संचालक की मोटर साईकिल को बोलेरो ने मारी टक्कर, घटना स्थल पर ही मौत..

## बोलेरो चालक पर शराब पीकर राँग साईड जाकर टक्कर मारने के आरोप..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट नगर व जिले में दिन प्रतिदिन दुर्घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। अनियंत्रीत गति से तेज भागते वाहनों की ऐसी ही रफ्तार और लापरवाही के कारण आज 05 जून 2026 को फिर एक सड़क में एक परिवार के युवा मुखिया की दर्दनाक मौत हो गई, और तीन बच्चों के पिता के दुखद निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ गिर गया।*

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा में ढाबा संचालक रिंकु डहरवाल उम्र 43 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से अपने ढाबे की ओर जा रहे थे, इतने में एक बोलेरो वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोगों ने रिंकू डहरवाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, रिंकु डहरवाल गर्रा स्थित गर्रा कनकी मार्ग पर नीलामी काष्ठागार डिपो के सामने अपना डहरवाल ढाबा संचालित करते थे, तथा वहीं पास में उनका निवास भी था। जानकारी के अनुसार रिंकु शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे ढाबे के लिए सामान लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान एक बुलेरो वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद रिंकु डहरवाल के परिजन और परिचित कोतवाली थाना पहुंचे। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, और आरोप लगाया कि चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

### मृतक के मित्र ने दी जानकारी..

मृतक के मित्र मुकेश मंडलेकर ने जगप्रेरणा को बताया कि रिंकु अपने ढाबे के लिए जरूरी सामान लेकर वापस आ रहा था। और वह अपनी साइड पर था, जबकि तेज रफ्तार बुलेरो ने रांग साईड जाकर जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण रिंकू डहरवाल की मौके पर ही मौत हो गई। मुकेश मंडलेकर ने बताया कि मृतक रिंकू डहरवाल के परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक बिटिया है, पुरा परिवार सदमे में है, और सभी का रो रोकर बूरा हाल है।

### वाहन जब्त, चालक का मेडिकल परीक्षण

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बुलेरो वाहन को जब्त कर लिया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि वह नशे की हालत में था या नहीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज होगा पोष्टमार्टम..

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रिंकु डहरवाल के शव का आज शनिवार 06 जून को सुबह जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम किया जायेगा, जिसके उपरांत शव परिवारजनों को सौंपा जाएगा।

# मार्ग बाधित करने वालों को सख्त हिदायत, हटाया गया अतिक्रमण

जगप्रेरणा बालाघाट।

शहर के अम्बेडकर चौक से हनुमान चौक तक चल रहे नाला निर्माण को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक आदेशों के तहत 4 जून से अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही प्रारंभ की गई है। नगरपालिका बालाघाट, राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की पहले दिन इस मार्ग पर की गई संयुक्त कार्यवाही में मार्ग के यातायात को सुचारू रखने के लिये अतिक्रमण को हटाया गया है। अमले के द्वारा अतिक्रमण कारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे मार्ग में बाधा उत्पन्न ना करें ऐसा करने पर जुर्माना एवं नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर एक दिन पहले नगरपालिका कार्यालय में संयुक्त बैठक आहूत की गई थी जिसमें विचार-विमर्श किया गया एवं यातायात समस्या को लेकर आनेवाली शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा की गई। प्रशासनिक आदेशों के तहत 4 जून से अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है बताया गया है कि शहर के व्यस्ततम मार्गो में अतिक्रमण को लेकर मुनादी कराने के उपरांत यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## स्व. शांतिबाई लिल्हारे की स्मृति में

# ग्राम छोटी कुम्हारी में निःशुल्क भव्य लाईब्रेरी का शुभारंभ आज..

### आईजी, एसपी, सीईओ एवं जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे रहेंगे उपस्थित..




जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले की भूमि में जन्म लेकर कठिन संघर्ष करते हुए आईआरएस बनकर जिले को गौरवान्वित करने वाले जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने विगत अनेक वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। बालाघाट जिले में ही जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने पूज्य माताजी स्व. शांतिबाई लिल्हारे एवं पूज्य पिता की स्मृति में अनेक सेवाभावी कार्य किये हैं, इसी क्रम में पूज्य माताजी की स्मृति में जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे की प्रेरणा से ग्राम छोटी कुम्हारी में ग्राम पंचायत के तत्वाधान में ग्राम के एवं आस पास के ग्राम के विद्यार्थीयों के लिये एक लाईब्रेरी की सौगात दी जा रही है।

स्व. शांतिबाई लिल्हारे की पुण्यतिथि के अवसर पर आज निःशुल्क लाईब्रेरी का उद्घाटन बालाघाट के पुलिस महानिरीक्षक ललित कुमार शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, आईएएस जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ एवं जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे तथा ग्रामीण जनप्रतिनिधि प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे। आयोजित कार्यक्रम एवं लाईब्रेरी के शुभारंभ के संबंध में आयोजक समिति छू लो आसमान की डायरेक्टर श्रीमती साक्षी लोकेश लिल्हारे ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती शांति बाई लिल्हारे की स्मृति में रक्तदान, प्रतिभा सम्मान समारोह, स्वास्थ शिविर व अन्य कार्यक्रम किये जाते है। इसी कड़ी में इस वर्ष ग्राम कुम्हारी के छोटी कुम्हारी में सर्वसमाज के छात्रों के पढ़ाई के लिए निर्माण किये गए आधुनिक और भव्य निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया जायेगा, वहीं प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा, तथा उनका शिक्षा और खेल गतिविधियों से कैसे ग्रामीण युवाओं को तैयार किया जाये इस पर मार्गदर्शन दिया जायेगा। उक्त कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने की अपील आयोजक समिति और ग्राम के सरपंच सावन पिछोड़े ने की है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बालाघाट ने लहराया प्रदेश में परचम..

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्ते अतुल वैद्य, निश्चल - हर्ष त्रिवेदी, रवि वैद्य एवं महेंद्र बिसेन हुए सम्मानित..





जगप्रेरणा बालाघाट।

*विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, खनन परियोजनाओं, नगरीय निकायों, स्वयंसेवी*

संस्थाओं एवं अन्य संस्थानों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 05 जून को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस वर्ष बालाघाट जिले के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि रही कि प्रदेश स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए 11 प्रमुख पुरस्कारों में से 3 प्रथम पुरस्कार बालाघाट जिले की संस्थाओं को प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहीरवार भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया गया। सबसे बड़ी उपलब्धि बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत ग्राम खापा स्थित विसाग बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड को मिली।

प्रदेश की लगभग 3,000 से अधिक बड़ी औद्योगिक इकाइयों के बीच अति प्रदूषणकारी उद्योग श्रेणी में संचालित इस ग्रेन आधारित इथेनॉल संयंत्र को उत्कृष्ट पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा सर्वोत्तम पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रदेश का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान न केवल विसाग बायोफ्यूल्स के लिए बल्कि पूरे बालाघाट जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह पुरुष्कार विसाग बायोफ्यूल्स के संचालक श्री अतुल वैद्य द्वारा प्राप्त किया गया।

इसी प्रकार खनन क्षेत्र में बालाघाट जिले की रमरमा खदान, जिसका संचालन ए.पी. त्रिवेदी एंड संस द्वारा किया जाता है, को भी पर्यावरणीय प्रबंधन और सतत खनन गतिविधियों के लिए प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ खदान के रूप में प्रथम पुरस्कार डायरेक्टर निश्चल त्रिवेदी और हर्ष त्रिवेदी को प्राप्त हुआ है। वहीं लघु उद्योग श्रेणी में बालाघाट जिले की केशर एग्रोटेक के संचालक रवि वैद्य एवं महेंद्र बिसेन को उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ये सभी सम्मान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहीरवार द्वारा भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि विभिन्न श्रेणियों में हजारों संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों के बीच बालाघाट जिले की तीन संस्थाओं का प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना जिले की पर्यावरणीय जागरूकता, औद्योगिक उत्कृष्टता तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

प्रदेश के कुल 11 पुरस्कारों में से 3 प्रथम पुरस्कार बालाघाट जिले को मिलना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने जिले का नाम पूरे मध्य प्रदेश में गौरवान्वित किया है।जिले के नागरिकों, उद्योग जगत एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बालाघाट के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के संतुलित मॉडल के रूप में बालाघाट की यह सफलता प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# जब चौबेलाल बर्वे और नवीन कसार ने कोई मारपीट ही नही की तो क्यों उन पर दर्ज किया गया अपराध..

### पेट्रोल पंप पर मारपीट मामले मे आम आदमी पार्टी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, कहा एमएलसी मे बर्वे और कसार के शराब नही पीने की भी हुई पुष्टि..

### की मारपीट मामले मे झूठी रिपोर्ट रद्द कर पेट्रोल पंप संचालक एवं कर्मचारियों पर अपराध दर्ज करने की मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट से बैहर रोड मार्ग पर स्थित आंवलाझरी में बजाज पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने गये डायमंड टेंट सप्लायर चौबेलाल बर्वे और बर्तन व्यापारी नवीन कसार के साथ बजाज पेट्रोल पंप में मारपीट की गई, तथा स्कूटी में पेट्रोल भरवाने पर टंकी की मात्रा से अधिक का बिल थमा दिया गया, जिस पर बर्वे एवं कसार द्वारा आपत्ति दर्ज*

की गई थी, इस बात को लेकर आज बालाघाट में आम आदमी पार्टी के नेता रजनीश नायडू ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सहीं एवं न्यायोचित कार्यवाही करने की मांग की है तथा न्याय नहीं मिलने पर आंदोलन एवं न्यायालय में परिवाद दायर करने की भी बात कही है। रजनीश नायडू ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन में बताया कि विवाद बढ़ने पर बिल पर्ची छीनकर पेट्रोल की मात्रा नापने से इनकार करते हुए बजाज परिवार सहित स्टाफ ने बुरी तरह से बर्वे और कसार की पिटाइ की, तथा घटनाक्रम में सीसीटीवी और वीडियो फुटेज में यह साफ दिखाई दे रहा है, तथा यह स्पष्ट है कि पेट्रोल पंप पर चौबेलाल बर्वे एवं नवीन कसार द्वारा एक हाथ भी किसी पर नहीं उठाया गया, ना ही किसी प्रकार की गाली गलौच की गई, लेकिन इसके बाद भी पुलिस द्वारा दो पक्षीय कार्यवाही करते हुए पिड़ितों के खिलाफ भी मारपीट के आरोप पर मामला दर्ज किया गया है, जबकि सबूत स्पष्ट है कि दोनों के द्वारा कोई मारपीट नहीं की गई है, तथा इन सबूतों को पुलिस द्वारा नजर अंदाज किया जाना एक तरफा और अन्यायपूर्ण कार्यवाही प्रदर्शित करती है।

आम आदमी पार्टी के स्टेट को ऑर्डिनेटर रजनीश नायडू ने यह भी कहा कि चोट के निशान चौबेलाल बर्वे के चेहरे और अन्य भागों में थे, वहीं पुलिस थाने में शिकायत के बाद डॉक्टरी मुलाहिजे में बर्वे एवं कसार द्वारा शराब पिया होना नहीं पाया गया है, फिर ऐसे में क्यों पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया, जिनके साथ मारपीट की गई।

रजनीश नायडू ने कहा कि चूंकि चौबेलाल बर्वे और नवीन कसार शरीर से मजबूत थे इसलिये खतरे से बाहर है। अगर शरीर से कमजोर होते तो मामला गंभीर हो सकता था। हमारी मांग है कि राजनैतिक और धनबल के दबाव में रिपोर्ट में जो गलत एफआईआर दर्ज की गई है, उसमें जांच कार्यवाही कर झूठी एफआईआर करे रद्द किया जाए। नायडू ने यह भी कहा कि यदि पुलिस ने पिड़ित पक्षकारों के साथ न्याय नहीं किया तो मजबूरन इस संदर्भ में माननीय न्यायालय में परिवाद दाखिल कर आरोपियों के साथ ही एकपक्षीय कार्यवाही के लिये पुलिस के खिलाफ भी मामला दर्ज करने की अपील की जायेगी। पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान मस्तराम डहारे एवं अनिल ब्रम्हे भी उपस्थित थे।

# सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 05 जून को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।*

बैठक में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी, श्री राजकुमार करहि, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ सामाजिक न्याय विभाग की जिला समन्वयक सुश्री नुपूर झा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध लाभ वितरण पर बैठक में विशेष जोर दिया गया।

**बोले विधायक गौरव पारधी..**

बैठक में कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी ने मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि पात्र हितग्राहियों की पहचान कर इन योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से दिलाया जाए। सीएम दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है और इसका लाभ सभी पात्र बच्चों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने जिले की सभी तहसीलों में सर्वे कर पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों की पहचान करने कहा। जिससे आर्थिक सहायता के अभाव में उनकी शिक्षा प्रभावित न हो। बैठक में आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। इस दौरान लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन तक पुनर्वास, उपचार एवं सहायक उपकरणों सहित सभी आवश्यक सुविधाएं पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोडने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की समीक्षा के दौरान विधायक द्वय ने सामूहिक विवाह कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तर पर भव्य आयोजन करने कहा। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता मिलने के साथ सामाजिक सहयोग भी प्राप्त होता है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।


मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391


## जन्मदिन पर बुजुर्ग अम्मा के लिए ओमप्रकाश मरठे बने फरिश्ता, रक्तदान कर बचाई जिंदगी

हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज के दौर में जहां अधिकांश लोग अपना जन्मदिन केक काटकर और उत्सव मनाकर यादगार बनाते हैं, वहीं समाजसेवी ओमप्रकाश मरठे ने अपने जन्मदिन को मानव सेवा के नाम समर्पित कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।***







जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने रक्तदान कर एक बुजुर्ग महिला को नई जिंदगी की उम्मीद दी। जानकारी के अनुसार परसवाड़ा क्षेत्र के आदिवासी अंचल स्थित ग्राम भीड़ी निवासी 70 वर्षीय चमेलीबाई गिरि रक्त की कमी से जूझ रही थीं। स्थानीय चिकित्सकों द्वारा उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था, जहां तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। जैसे ही इसकी जानकारी समाजसेवी ओमप्रकाश मरठे को मिली, उन्होंने बिना देर किए रक्तदान करने का निर्णय लिया और अपने जन्मदिन पर अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

ओमप्रकाश मरठे के इस मानवीय कार्य से न केवल चमेलीबाई गिरि को जीवनदायी सहायता मिली, बल्कि समाज में रक्तदान और मानव सेवा का एक सकारात्मक संदेश भी पहुंचा। उनका यह कदम इस बात का प्रमाण है कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर केवल व्यक्तिगत खुशियों तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इन्हें किसी जरूरतमंद के जीवन में खुशियां और उम्मीदें बांटने का माध्यम भी बनाया जा सकता है। गौरतलब है कि ओमप्रकाश मरठे इससे पहले भी पांच बार रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की सहायता कर चुके हैं। रक्तदान के अलावा भी वे लगातार जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। किसानों के अधिकारों की आवाज बुलंद करना हो, सड़क दुर्घटनाओं को न्यौता देने वाले खतरनाक ब्रेकरों की समस्या उठाना हो या फिर किसी जरूरतमंद की बिना किसी प्रचार-प्रसार के मदद करना, वे हमेशा समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाते नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जो व्यक्ति बिना किसी पद और अधिकार के वर्षों से लोगों की सेवा कर रहा है, यदि ऐसे युवाओं को जनप्रतिनिधित्व का अवसर मिले तो क्षेत्र में और अधिक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। लोगों का मानना है कि ओमप्रकाश मरठे जैसे समाजसेवी युवाओं की सोच और कार्यशैली समाज के लिए प्रेरणादायक है।

उनकी इस सराहनीय पहल की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। रक्तदान के दौरान उनके मित्रगण वीरेंद्र चौहान,नेक्सन कावड़े, हितेश अजीत,छोटु दोनोडकर उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नेक कार्य के लिए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की।

### मां के नाम रोपा गया हरियाली का संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवस पर परसवाड़ा वन विभाग ने शुरू किया विशेष अभियान, जिले में लगाए जाएंगे 8 हजार पौधे

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परसवाड़ा वन विभाग का विश्राम गृह परिसर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से गूंज उठा। ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण कर***







प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आंवला, सीताफल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, विधायक प्रतिनिधि सुधीर पटले, उपवन मंडलाधिकारी तरुण डहरिया, परिक्षेत्र अधिकारी रंगारे, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कपिल तिवारी सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल ने कहा कि बढ़ता पर्यावरणीय असंतुलन और लगातार घटती हरियाली चिंता का विषय है। उन्होंने कोरोना काल का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑक्सीजन की कमी ने पूरी दुनिया को वृक्षों के महत्व का एहसास कराया था। यदि आज भी हम प्रकृति संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को जल, वायु और पर्यावरण संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि जीवन के आधार हैं। पेड़ वातावरण को शुद्ध रखने के साथ वर्षा चक्र को भी संतुलित करते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आग्रह किया।

विधायक प्रतिनिधि सुधीर पटले ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए हर व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। वन विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है, लेकिन समाज के सहयोग के बिना हरियाली का विस्तार संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से वृक्षों की कटाई रोकने और नए पौधे लगाने की अपील की।

उपवन मंडलाधिकारी तरुण डहरिया ने बताया कि ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पूरे जिले में लगभग 8 हजार पौधे रोपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरियाली बढ़ाने और प्रकृति को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। पौधरोपण के साथ ही लोगों को वृक्षों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य का संकल्प बनकर उभरा।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433


## निजी भूमि से मिट्टी - मुरम के अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

### मायरा रिसोर्ट संचालक समेत 13 लोगों पर 4.99 करोड़ रुपये का जुर्माना

जगप्रेरणा बैहर।

बैहर तहसील के ग्राम गोहारा में निजी भूमि से बिना वैधानिक अनुमति के बड़े पैमाने पर मिट्टी एवं मुरम के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। अपर कलेक्टर बैहर डी.पी. बर्मन ने मायरा रिसोर्ट के संचालक सहित 13 व्यक्तियों पर कुल 4 करोड़ 99 लाख 6 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। संबंधित पक्षों को यह राशि 30 दिनों के भीतर अपर कलेक्टर न्यायालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर दंड राशि बढ़कर 9 करोड़ 98 लाख 10 हजार रुपये हो जाएगी, जिसकी वसूली भू-राजस्व बकाया की तरह की जाएगी।

### 35 हजार घन मीटर से अधिक मिट्टी-मुरम का अवैध उत्खनन

प्रशासनिक जांच में सामने आया कि ग्राम गोहारा स्थित निर्माणाधीन मायरा रिसोर्ट परिसर के लिए निजी भूमि से लगभग 35 हजार 270 घन मीटर मिट्टी एवं मुरम का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन किया गया। यह उत्खनन ग्राम गोहारा के भूमि स्वामियों इतवारी गोंड, निस्तोर, मनोहर, अनुस्तिन, चैनसिंह, सीताबाई, मेतुबाई और शांताबाई की भूमि से किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि उत्खनन एवं परिवहन कार्य में जेसीबी मशीनों तथा डम्पर वाहनों का उपयोग किया गया। संबंधित वाहनों में जेसीबी क्रमांक एमपी-50-डीए-0714, एमपी-50-डीएम-436 तथा डम्पर एमपी-50-जेएच-4138 शामिल हैं। अपर कलेक्टर न्यायालय बैहर द्वारा मध्यप्रदेश खनिज नियमों के तहत अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रॉयल्टी की 15 गुना राशि के रूप में 2 करोड़ 49 लाख 52 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

इसके अतिरिक्त समान राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में तथा 1,000 रुपये प्रसमन शुल्क लगाया गया है। इस प्रकार मायरा रिसोर्ट के संचालक, संबंधित भूमि स्वामियों, जेसीबी एवं डम्पर मालिकों, चालकों तथा ट्रैक्टर मालिकों पर कुल 4 करोड़ 99 लाख 6 हजार रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है।

मामले में जब्त किए गए डम्पर एवं जेसीबी मशीनों को मालिकों के सुपुर्द तो किया गया है, लेकिन इस शर्त के साथ कि वे वाहनों का विक्रय, हस्तांतरण, रंग-रोगन या किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन नहीं करेंगे। न्यायालय द्वारा मांग किए जाने पर संबंधित वाहन 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि मायरा रिसोर्ट संचालक एवं अन्य जिम्मेदार पक्ष निर्धारित 30 दिनों के भीतर अपने हिस्से की राशि जमा नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध भू-राजस्व संहिता के तहत बकाया वसूली की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इसके अलावा परिवहन अधिकारी को संबंधित डम्पर मालिक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर 30 दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में अवैध खनन और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध अब तक की महत्वपूर्ण कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है।

## मोक्षधाम में नहीं मिली बाउंड्रीवाल, बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर भी नहीं मिला; शिकायत के बाद जांच शुरू..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***ग्राम पंचायत परसवाड़ा में पूर्व में कराए गए कुछ निर्माण कार्यों को लेकर की गई शिकायतों के बाद जांच शुरू हो गई है। जांच के दौरान मोक्षधाम में प्रस्तावित बाउंड्रीवाल तथा बस स्टैंड पर स्वीकृत स्वच्छता परिसर मौके पर नहीं मिलने की बात सामने आई है।***



जांच दल अब संबंधित अभिलेखों और तथ्यों का परीक्षण कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार परसवाड़ा निवासी राजेश त्रिवेदी और रजनेश नागरे ने जनपद पंचायत परसवाड़ा में शिकायत दर्ज कराते हुए मोक्षधाम की बाउंड्रीवाल, बस स्टैंड स्थित स्वच्छता परिसर तथा रैन बसेरा निर्माण कार्यों की जांच की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके ने जांच दल गठित किया।

जांच अधिकारी खेमराज मेरावी ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मोक्षधाम में बाउंड्रीवाल दिखाई नहीं दी। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस कार्य को वर्ष 2017 में स्वीकृति मिली थी और इसकी स्वीकृत लागत 2.50 लाख रुपए दर्ज है। मामले का सत्यापन किया जा रहा है।

वर्तमान पंचायत सचिव महेश मरकाम ने बताया कि यह कार्य तत्कालीन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के कार्यकाल का है। उनके अनुसार बाउंड्रीवाल निर्माण से संबंधित दस्तावेज वर्तमान में ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं।

### बस स्टैंड पर नहीं मिला स्वच्छता परिसर

जांच के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। यहां स्वीकृत स्वच्छता परिसर मौके पर नहीं मिला। जांच अधिकारी के अनुसार पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी में वर्ष 2019 में स्वच्छता परिसर की स्वीकृति दर्ज है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में यहां स्वच्छता परिसर बना था, जिसे बाद में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के दौरान हटा दिया गया। हालांकि, पंचायत के पास इसके डिस्मेंटलिंग से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी गई है।

### रैन बसेरा के स्थान को लेकर भी सवाल

शिकायत में शामिल रैन बसेरा निर्माण का भी निरीक्षण किया गया। जांच अधिकारी के अनुसार तकनीकी स्वीकृति में रैन बसेरा का स्थान बस स्टैंड क्षेत्र दर्शाया गया है, जबकि इसका निर्माण छात्रावास मैदान के पास किया गया है। इस संबंध में भी दस्तावेजों और स्वीकृतियों का परीक्षण किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि रैन बसेरा ऐसे स्थान पर बनाया गया है, जहां इसका उपयोग सीमित हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

### और मामलों की भी चल रही जांच

जांच अधिकारी खेमराज मेरावी ने बताया कि पंचायत से जुड़े कुछ अन्य मामलों की जांच भी प्रचलन में है। सभी बिंदुओं की जांच पूरी होने के बाद प्रतिवेदन जनपद पंचायत के माध्यम से जिला पंचायत को भेजा जाएगा।

### जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई : सीईओ

जनपद पंचायत परसवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके ने कहा कि शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच दल गठित कर जांच कराई जा रही है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


कार्यालय कृषि उपज मडी समिति परसवाड़ा जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्र./मंडी/तौलकांटा/2026-27/93 परसवाडा, दिनांक-4/6/2026

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

कृषि उपज मंडी समिति परसवाडा फ्रघफ्र श्रेणी फ्र मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी0ओ0टी0) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम कमांक 2026_ एमपीएसम_512679_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें दिनांक 19.06.2026 को शाम 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म0प्र0 शासन के ई-निविदा के पोर्टल **htt://mp-tenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandibord.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
परसवाडा



**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


## विश्व पर्यावरण दिवस पर कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में हुआ व्यापक वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट द्वारा महाविद्यालय परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अतिथि विद्वान, छात्राओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जलवायु एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा जैव विविधता संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत विकास और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और अपने दैनिक जीवन में प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के लिए विशेष कार्ययोजना भी तैयार की गई है, ताकि वृक्षारोपण अभियान केवल औपचारिकता न रहकर दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित कर सके। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित न रहकर महाविद्यालय परिसर को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना तथा युवाओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्ष संवर्धन का संकल्प लिया।




जग प्रेरणा

वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297

# पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व : दिपक पुष्पतोडे

जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम आंजनबिहरी के सरपंच एवं पठार संघर्ष समिति के संयोजक श्री दिपक पुष्पतोडे पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे अपने उल्लेखनीय कार्यों के कारण क्षेत्र में एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं।***




पुष्पतोडे पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए सतत प्रयासरत हैं। प्रतिवर्ष वे अपने निवास पर हजारों पौधों की नर्सरी तैयार करते हैं तथा इन पौधों का निशुल्क वितरण कर लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर वृक्ष बनाना भी उतना ही आवश्यक है। वे विवाह, नामकरण संस्कार, गृहप्रवेश, जन्मदिन तथा अन्य सामाजिक आयोजनों में विशेष रूप से उपस्थित होकर लोगों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट करते हैं और उनसे पौधों के संरक्षण एवं उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प भी दिलवाते हैं। उनके इस अभिनव प्रयास को समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा सराहा जा रहा है तथा अनेक लोग उनसे प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण अभियान से जुड़ रहे हैं।

पर्यावरण के प्रति उनकी निष्ठा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता के कारण उन्हें विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वे मानव सेवा के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है तथा वे स्वयं अब तक 31 बार रक्तदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं।

हाल ही में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक महत्वपूर्ण संकल्प लेते हुए यह निर्णय लिया है कि वे किसी भी कार्यक्रम में थर्माकोल एवं प्लास्टिक कोटेड डिस्पोजेबल पत्तलों में भोजन नहीं करेंगे तथा लोगों को भी इनके उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। उनका यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों ने श्री दिपक पुष्पतोडे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्रेरणा लेकर एक-एक पौधे के संरक्षण का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

'पौधे लगाना एक शुरुआत है, लेकिन उन्हें वृक्ष बनाना ही सच्चा पर्यावरण संरक्षण है' – इसी सोच के साथ श्री दिपक पुष्पतोडे निरंतर समाज को हरित और स्वच्छ भविष्य की ओर अग्रसर करने में जुटे हुए हैं।

## पेड़ों की गणना कब होगी?

# पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाने की होड़, लेकिन कटते पेड़ों का हिसाब किसके पास..

जगप्रेरणा रामपायली।

***हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर लाखों पौधे लगाने के दावे किए जाते हैं। सोशल मीडिया पर हरियाली के संदेशों की बाढ़ आ जाती है, 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान चलाए जाते हैं,***



लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न आज भी अनुत्तरित है–क्या शासन और प्रशासन के पास यह आंकड़ा है कि पिछले वर्ष जिले में कुल कितने पेड़ थे और आज कितने बचे हैं?

बालाघाट जैसे वन संपदा से समृद्ध जिले में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बालाघाट जिले का लगभग 50 से 54 प्रतिशत भू-भाग वनाच्छादित है, जो इसे मध्यप्रदेश के सबसे अधिक वन क्षेत्र वाले जिलों में शामिल करता है।

लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की मेड़ों, चारागाहों और निजी भूमि पर खड़े परंपरागत वृक्षों–विशेषकर आंजन, बबूल, साजा और अन्य स्थानीय प्रजातियों–की कटाई लगातार बढ़ रही है। गांव-गांव में सड़क किनारे, खेतों के आसपास और बंजर भूमि पर कटे हुए पेड़ों के ठूंठ और अवशेष इस कड़वी सच्चाई की गवाही दे रहे हैं।

### पेड़ लगाना आसान, बचाना कठिन

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि केवल वृक्षारोपण से पर्यावरण नहीं बचता, बल्कि पहले से मौजूद वृक्षों का संरक्षण अधिक महत्वपूर्ण है। यदि एक ओर हजार पौधे लगाए जाएं और दूसरी ओर सैकड़ों परिपक्व पेड़ काट दिए जाएं, तो पर्यावरणीय संतुलन फिर भी बिगड़ता रहेगा।

आज स्थिति यह है कि पर्यावरण दिवस पर फोटो खिंचवाकर पौधे लगाने की परंपरा मजबूत हो रही है, लेकिन उन पौधों में से कितने अगले वर्ष तक जीवित रहते हैं, इसकी सार्वजनिक समीक्षा शायद ही कहीं दिखाई देती है।

### पेड़ों की जनगणना क्यों जरूरी है?

देश के कई शहरों में अब ट्री सेंसस की व्यवस्था शुरू की गई है। नागपुर में हाल ही में हुए वृक्ष सर्वेक्षण में लगभग 37 लाख पेड़ों की गणना की गई, जबकि अहमदाबाद और अन्य नगर निकाय भी ड्रोन आधारित वृक्ष गणना कर रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि जिस प्रकार मानव जनगणना होती है, उसी प्रकार प्रत्येक जिले में हर वर्ष पेड़ों की गणना भी होनी चाहिए। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि कितने नए पेड़ जुड़े। कितने पेड़ कटे। कौन-सी प्रजातियां विलुप्ति की ओर बढ़ रही हैं। किन क्षेत्रों में हरित आवरण तेजी से घट रहा है।

### आंजन और बबूल पर संकट..

बालाघाट के ग्रामीण अंचलों में कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले आंजन और बबूल के वृक्ष आज तेजी से कम होते दिखाई दे रहे हैं। इन प्रजातियों का महत्व केवल पर्यावरणीय नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पशुपालन और भूमि संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है।

यदि जिला प्रशासन, वन विभाग और पंचायत स्तर पर इन प्रजातियों के संरक्षण के लिए विशेष नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले वर्षों में इनकी संख्या चिंताजनक स्तर तक घट सकती है। यह केवल जैव विविधता का नुकसान नहीं होगा, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गहरा प्रभाव डालेगा।

### कटते पेड़ों का त्वरित प्रभाव

पेड़ों की लगातार कटाई के दुष्प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे है गर्मियों में तापमान में लगातार वृद्धि। भूजल स्तर का नीचे जाना। वर्षा के स्वरूप में असंतुलन। मिट्टी का कटाव बढ़ना। पक्षियों और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास का नष्ट होना। कार्बन अवशोषण क्षमता में कमी। मध्यप्रदेश में 2019 से 2023 के बीच वन क्षेत्र में कमी दर्ज की गई है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर चेतावनी मानी जा रही है।

### सवाल जो जवाब मांगता है

विश्व पर्यावरण दिवस पर सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि इस वर्ष कितने पौधे लगाए गए, बल्कि यह है कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जिले में कुल पेड़ों की संख्या बढ़ी या घटी? जब तक हर पेड़ का लेखा-जोखा नहीं होगा, तब तक वृक्षारोपण अभियान केवल आंकड़ों और तस्वीरों तक सीमित रहने का खतरा बना रहेगा। बालाघाट की पहचान उसके जंगलों और हरियाली से है। यदि आज खेतों और गांवों के परंपरागत वृक्षों को बचाने के लिए कठोर नियम, नियमित निगरानी और वार्षिक वृक्ष जनगणना की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियां शायद उन पेड़ों को केवल तस्वीरों और पुस्तकों में ही देख पाएंगी। पर्यावरण दिवस की वास्तविक सफलता तब होगी, जब हम केवल पौधे लगाने की नहीं, बल्कि हर कटते पेड़ का हिसाब रखने की संस्कृति विकसित करेंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का उद्देश्य लोगो को प्रक्रति के महत्व के प्रति जागरूक करना है.. प्रदीप जायसवाल..

### नपा परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर आज विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद ने वार्ड 10 व वार्ड 11 के नमो उपवन मे व्रहद स्तर पर एक पेड मां के नाम व्रक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।***







पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पार्षद मोनू लिमजे, कार्यक्रम प्रभारी राजदीप तुरकने सीटी मिशन मैनेजर, उपयंत्री वंशिका चैहान के साथ पार्षदगणो, भाजपा पदाधिकारीगणो व गणमान्य नागरिको ने लगभग 70 फ्लदार व औषधीय पौधो का रोपण कर पुर्ण सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम मे प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई प्रेषित करते हुये कहा की कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य लोगो को प्रक्रति के महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ बडते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनो की कटाई जैसी गंभीर समस्याओ के खिलाफकदम उठाने के लिये प्रेरित करना है।

शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य विशेष अभियान के आयोजन संबंधी निर्देश जारी किए गए है। सूर्य प्रकाश ऊके मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा नागरिकों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, एवं नागरिकों की सहभागिता से विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फ्लदार पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक नागरिक से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरें ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता है। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने के लिए नगर पालिका निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम के दौरान पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। उपस्थित सभी नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। अंत में सभी सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्र. 11 मोक्षधाम में निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया गया।

इसी के साथ संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल द्वारा जारी निर्देश जिसमें विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान का आयोजन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद वारासिवनी में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें उपयंत्री अंशिका सिंह चैहान द्वारा समस्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन में जागरूक स्रोत पर चर्चा कर नियमों से अवगत कराया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप जायसवाल पूर्व केबिनेट मंत्री, श्रीमती सरिता मनोज दादरें अध्यक्ष नगर पालिका, संदीप मिश्रा पार्षद एवं नगर मंडल अध्यक्ष, योगेंद्र मोनू लिमजे पार्षद, श्रीमती दीपा प्रवीण रूसिया पार्षद, आलोक खरे पूर्व न पा अध्यक्ष, मनोज दादरे विनय सुराना, मंयक मिश्रा, मिथलेश बुरडे, विनय सुराना, स्वसहायता समूह की महिला अमृत मित्र श्रीमती अंशिका सिंह चैहान उपयंत्री, हितेश हलमारे, राजदीप तूरकने सीटी मिशन मैनेजर अन्य नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी स्वयं सेवी संगठन नागरिकगण उपस्थित रहें।

# हवा मे आक्सीजन का स्तर कम होने से ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याये हो रही है उत्पन्न.. प्रदीप जायसवाल..





### मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे के साथ प्रमुख पदाधिकारीयो ने किया व्रहद स्तर पर व्रक्षारोपण कार्यक्रम

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा रामपायली मंडल ने पुलिस थाना परिसर रामपायली मे व्रहद स्तर पर एक पेड मां के नाम व्रक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।***

जिसमे प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे व पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग दो दर्जन पौधो का सामुहिक रूप से रोपण किया गया।

पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस की सभी को बधाई प्रेषित करते हुये गुडडा भैया ने कहा की ईश्वर ने हमे प्रक्रति के रूप मे सब कुछ दिया है। पर हमने मनमानी दोहन कर वर्तमान व आने वाली पीढि को ही संकट मे डाल दिया है। वनो की कटाई और प्रदुषण के कारण हवा मे आक्सीजन का स्तर कम होते जा रहा है।

जिससे ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याये उत्पन्न हो गयी है। मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे,जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत, मंडल प्रभारी चिरंजीव पारधी, मुन्नू दुबे, देवनाथ बोपचे आदि ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डालते हुये पर्यावरण के महत्व को बताकर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प व प्रक्रति के प्रति अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन करने के लिये प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम मे विशेष रूप से सर्वश्री सचिन बिसेन, चैन सिंह बैस, भागीरथ अग्रवाल, सुबोध रूसिया, जानाजी गौतम, कोमल लिल्हारे, राजकुमार कावरे, भानु राहंगडाले, रूपेंद्र सोनवाने, सुरेश पटले, शैलेश पटले, खिलीराम बघेले, चीनी बघेले, विजय नगपुरे, दीक्षा तुरकर, योगराज पटले, चित्रसेन बिसेन, हंसलाल मर्सकोले, लालचंद बिसेन, कबीर हनवत आदि के साथ थाना प्रभारी धर्मराज सिंह बघेल उपस्थित भी रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के एनसीसी कैडेट्स द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***




कार्यक्रम के तहत अशोक, नीम, पारिजात, आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम 6 एम.पी. बटालियन बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्राचार्य हुमराज पटले के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी अन्नू एम. राहंगडाले सहित विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक लखन रिनायत, वंदना शर्मा, प्रवीण राणा, शरद सोनी, प्रियंका देशमुख, कमल टेम्भरे, देलेनसिंग तुरकर, राम चौहान, डेलेन्द्र मेश्राम तथा अमित डोंगरे सहित समस्त विद्यालय परिवार की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही।

# आशा बिजेवार को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट तहसील के ग्राम गायखुरी निवासी सुनील गुन्नुलाल की 25 जनवरी 2026 को वैनगंगा नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के***

कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत मृतक के वारिस माता श्रीमती आशा बाई बिजेवार को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

बालाघाट तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे कोषालय में देयक प्रस्तुत कर रमेश बिसेन के खातें में ई-पेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# विश्व पर्यावरण दिवस पर काष्ठागार डिपो में हुआ वृक्षारोपण..

## सब मिलकर बढ़ाए प्रकृति का मान..

जगप्रेरणा लांजी।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग लांजी के द्वारा 5 जून को वन विभाग के काष्ठागार डिपो क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***









आईये हम सब मिलकर प्रकृति का मान बढ़ाऐं एक पेड़ मॉ के नाम लगाये थीम पर आयोजित इस संपूर्ण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि के द्वारा एक पेड़ मॉ के नाम रोपित कर हरित भविष्य का संदेश क्षेत्र वासियो को दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायक राजकुमार करहि, एसडीएम कमल चंद सिंहसार, उपवनमण्डलाधिकारी (उत्पादन) हेमंन्त सोलंकी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, गौरव बैस, तुकाराम बारेकर सहित वन विभाग लांजी से वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार, पायल राजावल, धीरसिंह मवासे, कुंजीलाल धुर्वे सहित विभाग डिप्टी, वनक्षेत्रपाल, वन रक्षक, संपूर्ण अमला उपस्थित रहा।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक राजकुमार करहि ने कहा कि भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान को बढ़ावा देना है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ीयों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मातृत्व, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। पर्यावरण संरक्षण यह केवल सरकार या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का सामूहिक दायित्व है। जिस प्रकार हमारी माँ हमें जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष भी हमें शुद्ध वायु, जल संरक्षण, छाया और जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करते हैं। मैं क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों से आग्रह करता हूँ कि वे पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं और अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। आने वाली पीढियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण, जंगलों की कटाई और जल संकट जैसी चुनौतियाँ हमारे सामने हैं। इन समस्याओं का सबसे सरल और प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण तथा उनका संरक्षण है।

केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। आइए, हम सभी मिलकर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें और हरियाली बढ़ाकर अपने क्षेत्र को पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनाएं। इसी क्रम में वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वृक्षो के संरक्षण का संकल्प लिया तथा सभी क्षेत्र वासियों से पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण करने के लिये आग्रह किया गया।

## विधायक निधी से प्रदान की जायेगी 5 लाख रूपये की राशि..

कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्रीय विधायक ने जहां पौधा रोपण कर हरित भविष्य का संदेश प्रदान किया वहीं वन विभाग को भी एक सौगात विधायक निधि के रूप में दी गई है। आपने वन विभाग को 5 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की गई है जो कि वन विभाग अन्तर्गत कैंपंस के सौन्द्रर्यीकरण हेतु उपयोग में लाई जायेगी। इस सौगात पर वन विभाग लांजी के द्वारा विधायक राजकुमार करहि का आभार व्यक्त किया गया।

# जल जीवन मिशन से बदली रजेगाँव की तस्वीर

जगप्रेरणा किरनापुर।

***'जल है तो कल है'- यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि ग्राम रजेगाँव की बदली हुई जिंदगी की सच्ची कहानी है। जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित***





विकासखंड किरनापुर की ग्राम पंचायत रजेगाँव कभी भीषण पेयजल संकट के लिए जानी जाती थी। लगभग 3503 की आबादी वाले इस गांव में पानी की समस्या वर्षों से लोगों के जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष बनी हुई थी।

गांव की महिलाएं और बालिकाएं सुबह होते ही पानी की तलाश में निकल पड़ती थीं। कई बार उन्हें दूर-दूर तक पैदल चलकर हैंडपंपों और जल स्रोतों से पानी लाना पड़ता था। सिर पर भारी बर्तन ढोते हुए उनका अधिकांश समय और ऊर्जा इसी काम में खर्च हो जाती थी। गर्मी के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाते थे। जल संकट के कारण स्वच्छता प्रभावित होती थी और जलजनित बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता था।

पानी की कमी का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ता था। कई बच्चे सुबह पानी भरने में परिवार की मदद करते थे, जिससे वे विद्यालय देर से पहुंचते थे या उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी। बुजुर्गों के लिए भी पानी जुटाना एक कठिन और पीड़ादायक कार्य था। गांव का जीवन मानो पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष का पर्याय बन गया था। लेकिन वर्ष 2021 में जल जीवन मिशन गांव के लिए नई उम्मीद लेकर आया। 1 मार्च 2021 को ग्राम रजेगाँव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जलप्रदाय योजना स्वीकृत हुई। लगभग 178.36 लाख रुपये की लागत से गांव में आधुनिक पेयजल व्यवस्था विकसित की गई। योजना के तहत 100 किलोलीटर क्षमता की ऊँची पानी की टंकी और 20 किलोलीटर क्षमता का सम्पवेल बनाया गया। साथ ही पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाकर 836 घरों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

योजना के पूर्ण होते ही गांव का जीवन बदलने लगा। अब हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। महिलाओं को प्रतिदिन घंटों तक पानी लाने की कठिन मेहनत से मुक्ति मिल गई है। बचा हुआ समय अब वे परिवार, बच्चों की देखभाल और अन्य आजीविका संबंधी कार्यों में लगा रही हैं। बालिकाओं और विद्यार्थियों को भी बड़ा लाभ मिला है। अब उन्हें पानी भरने के लिए स्कूल छोड़ने या देर से पहुंचने की मजबूरी नहीं रही। शिक्षा का माहौल बेहतर हुआ है और बच्चों को पढ़ाई के लिए अधिक समय मिलने लगा है।

स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सकारात्मक बदलाव आया है। जलजनित बीमारियों में कमी दर्ज की गई है, स्वच्छता का स्तर बढ़ा है और लोगों का जीवन अधिक सुरक्षित एवं स्वस्थ हुआ है। बुजुर्गों को भी बड़ी राहत मिली है, जिन्हें अब पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। ग्राम की निवासी श्रीमती चेतना गिरी बताती हैं, 'पहले पानी के लिए रोज संघर्ष करना पड़ता था। सुबह का बड़ा हिस्सा पानी लाने में निकल जाता था। अब घर के नल से पानी मिलता है। हमारे समय की बचत होती है, बच्चे नियमित पढ़ाई कर पाते हैं और परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है। हमें अब वास्तव में बदलाव महसूस होता है।'

आज रजेगाँव में बहती हर जलधारा केवल पानी नहीं, बल्कि विकास, सम्मान, स्वास्थ्य और समृद्धि का संदेश लेकर आती है। जल जीवन मिशन ने यहां केवल नल कनेक्शन नहीं दिए, बल्कि लोगों के जीवन में सुविधा, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की नई उम्मीद जगाई है। गांव के सभी ग्रामीण इस परिवर्तन से अत्यंत प्रसन्न हैं और जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। रजेगाँव की यह कहानी इस बात का जीवंत उदाहरण है कि जब जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से धरातल पर उतरती हैं, तब वे गांवों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देती हैं।

# एकल अभियान संच द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर सुलसुली, घोटी और पौसेरा में किया गया वृक्षारोपण

## वृक्षारोपण को बनाए जन आंदोलन..

जगप्रेरणा लांजी।

***एकल अभियान संच लांजी ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संभाग महाकौशल, भाग सतपुड़ा, अंचल***





बालाघाट के अंतर्गत तीन गांवों सुलसुली, घोटी एवं पौसेरा के विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों तथा एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पौधे रोपे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाने का था। कार्यक्रम में संच समिति के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। संच समिति अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, उपाध्यक्ष विशाल खोंगल, सचिव परमेश्वर कुथे, महिला संच समिति अध्यक्ष श्रीमती वीणा उपराड़े तथा अन्य महिला पदाधिकारी श्रीमती दुर्गा रामटेककर, श्रीमती पल्लवी खरगाल, श्रीमती श्यामा मुरकुटे एवं श्रीमती लक्ष्मी किरनापुरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

अंचल सेवाव्रती कार्यकर्ताओं में दुर्योधन लिल्हारे (अभियान प्रमुख), श्याम दुफारे (अंचल व्यास) एवं कमल लिल्हारे (संच प्रमुख) ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं, ग्राम समिति सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने संदेश दिया कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा का एक निरंतर अभियान है। कार्यक्रम पूरे उत्साह, जागरूकता और सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हट्टा में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जगप्रेरणा किरनापुर।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत केंद्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) बालाघाट के तत्वावधान में हट्टा स्थित अंबेडकर सामुदायिक***









भवन में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा अधिकारी श्री प्रांजल अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा पर्यावरण संरक्षण महिला मंडल हट्टा के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में जामुन, नींबू, अमरूद एवं अशोक सहित विभिन्न औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनपद सदस्य श्रीमती रंजना वैध ने समस्त देशवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। यदि हमें भविष्य में बढ़ती गर्मी, जल संकट और प्रदूषण जैसी समस्याओं से बचना है तो अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा तथा जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने तालाबों, नदियों एवं हैंडपंपों की नियमित साफ-सफाई तथा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण समिति की सचिव शीला पटेल ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव एवं स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी। बच्चों ने भी पर्यावरण संरक्षण के संदेश वाले बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर शीला पटेल द्वारा बच्चों को कपड़े के थैले वितरित किए गए तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती रंजना वैध, शीला पटेल, गजेंद्र डोंगरे, श्रीमती निर्मला गजबिये, वासनिक दीदी सहित बड़ी संख्या में बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचत एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# नपा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान से किया वृक्षारोपण

जगप्रेरणा लांजी।

***विश्व पर्यावरण दिवस पर लांजी क्षेत्र में अनेको स्थानों पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधे रोपित कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में लांजी नगर परिषद के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 13 में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***







कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सभापति दिनेश कच्छवाहे, किशोर किशोर रामटेककर पार्षद मुकेश रणदीवे, मनोनीत पार्षद आलोक चौरसिया एवं अविनाश रेंच तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहने तथा वार्ड के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। नगर परिषद लांजी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों के द्वारा वार्ड में बेल, आंवला, नीम, जामुन एवं कनेर के पौधों सहित अन्य प्रजातियों के पौधो का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। साथ ही सभी नगर वासियों से आग्रह किया गया है वे अपने अपने घरो में एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाये तथा पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करे। इस दौरान नगर परिषद लांजी के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने भी किया वृक्षारोपण..

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में 6 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशन में साकेत पब्लिक स्कूल के एनसीसी ग्रुप ने भी अनेको प्रजातियों के वृक्षो का रोपण किया साथ ही उन पौधों की देखरेख तथा उन्हें जीवित रखने का संकल्प एनसीसी ग्रुप के सभी कैडेट्स ने लिया।

# मकान में लगी आग, घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक..

## घटना से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान..

जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम लाड़सा में 5 जून को तडक़े सुबह ग्राम पंचायत के सामने स्थित अभय ढोंगे के मकान में अज्ञात कारणो से आग***





लग गई।आग इतनी भयावह थी की जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर गृहस्थी की सामग्री जलकर राख हो चुकी थी। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार लाड़सा निवासी अभय ढोंगे के घर में सुबह सुबह किन्ही कारणो से आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई, आस पडोस के लोगो के द्वारा घरो से मोटर पंप चालू कर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई वही घटना स्थल पर मौजूद दीपांकर भार्गव के द्वारा नगर परिषद फायर ब्रिगेड का सूचना दी गई, फायर ब्रिगेड भी तत्काल मौके पर पंहुचकर सभी ग्रामीण जनो की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक अजय ढोंगे के घर गृहस्थी का सामग्री जलकर राख हो चुकी थी जिससे काफी बड़ी मात्रा में आर्थिक नुकसार हुआ है। वहीं ग्रामीण जनो एवं फायर ब्रिगेड की सहायता से समय रहते आग पर काबू नही पाया जाता तो निश्चित रूप से आस पड़ोस के मकानों तक आग पंहुच जाती और बडी जान माल के नुकसान होने की संभावना व्यक्त कि जा रही थी लेकिन ग्रामीणो की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। मकान मालिक एवं स्थानीय लोगो के द्वारा उक्त घटना की सूचना राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन को दी गई। संभवतः राजस्व विभाग के द्वारा मौका स्थल पर पंहुचकर पंचनामा कार्यवाही की गई होगी।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433



## शिक्षा माफिया नहीं, सपनों के सच्चे शिल्पकार हैं ये शिक्षक..

पिछले कुछ वर्षों में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने शिक्षा को उन लोगों तक पहुँचाया है, जो कभी बड़े शहरों की महंगी कोचिंग संस्थाओं तक नहीं पहुँच सकते थे। आज जब कुछ लोग कम फीस में शिक्षा देने वाले शिक्षकों और संस्थानों को ÷शिक्षा माफिया÷ कहकर संबोधित करते हैं, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को केवल आरोपों और सनसनीखेज बहसों के आधार पर नहीं, बल्कि वास्तविकता के धरातल पर समझा जाए।

भारत जैसे देश में जहाँ आज भी करोड़ों परिवार सीमित आय में अपना जीवन यापन करते हैं, वहाँ शिक्षा हमेशा एक चुनौती रही है। एक समय था जब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी केवल उन छात्रों के लिए संभव मानी जाती थी, जो बड़े शहरों में जाकर लाखों रुपये खर्च कर सकते थे। गाँवों और छोटे कस्बों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से समझौता करने को मजबूर हो जाते थे। ऐसे समय में कुछ शिक्षकों और संस्थानों ने शिक्षा को सुलभ बनाने का बीड़ा उठाया।

आज लाखों विद्यार्थी केवल 200, 300 या कुछ हजार रुपये की फीस देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह केवल एक व्यावसायिक मॉडल नहीं, बल्कि शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब कोई शिक्षक कम लागत में लाखों विद्यार्थियों तक पहुँचता है, तो वह केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता बल्कि आशा, आत्मविश्वास और सफलता की संभावना भी प्रदान करता है।

भारत में ऐसे अनेक शैक्षणिक मंच और शिक्षक हैं जिन्होंने इस परिवर्तन को संभव बनाया। आनंद कुमार सर ने 2002 में स्इश्वद्रह्न 30 की शुरुआत पटना (बिहार) में की थी। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को निःशुल्क शिक्षा, अध्ययन सामग्री और आवास प्रदान करके उन्हें द्बढ्ढञ्ज-छ्वश्वश्व जैसी कठिन परीक्षाओं के लिए तैयार करना था। फिजिक्स वाला के संस्थापक अलख पांडेय ने बहुत कम शुल्क में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराकर लाखों विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाया। अनअकेडमी के सह-संस्थापक गौरव मुंजाल और रोमन सैनी ने ऑनलाइन शिक्षा को एक नई पहचान दी और देशभर के छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षकों से जोड़ने का प्रयास किया। वैश्विक स्तर पर खान एकेडमी के संस्थापक खान सर ने निःशुल्क शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर यह सिद्ध किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर व्यक्ति तक पहुँच सकती है। इन संस्थानों और शिक्षकों की सफलता का आधार केवल व्यवसाय नहीं बल्कि शिक्षा को अधिक सुलभ और व्यापक बनाना भी रहा है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं होता। यदि शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार होता, तो विद्यालय और विश्वविद्यालय मात्र प्रशिक्षण केंद्र बनकर रह जाते। वास्तविक शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करती है, उसकी सोच को विकसित करती है और उसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाती है। यही कारण है कि हजारों ऐसे विद्यार्थी भी इन शिक्षकों के प्रति सम्मान रखते हैं, जिन्हें नौकरी नहीं मिली, लेकिन जिन्होंने जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और दिशा प्राप्त की।

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में लाखों छात्र शामिल होते हैं, जबकि चयनित होने वालों की संख्या सीमित होती है। इसलिए यह अपेक्षा करना कि किसी शिक्षक या संस्था से पढ़ने वाला हर विद्यार्थी सफल हो जाएगा, व्यवहारिक नहीं है। सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं। लेकिन यदि कोई शिक्षक लाखों युवाओं को मेहनत, अनुशासन और संघर्ष का महत्व समझाता है, तो उसका योगदान केवल चयनित उम्मीदवारों की संख्या से नहीं मापा जा सकता।

यह भी सत्य है कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायिक तत्व मौजूद हैं। कई संस्थाएँ प्रचार-प्रसार पर अत्यधिक ध्यान देती हैं और कभी-कभी सफलता की कहानियों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाता है। इन पहलुओं की आलोचना होनी चाहिए और पारदर्शिता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। लेकिन कुछ कमियों के आधार पर पूरे शिक्षा आंदोलन को ÷माफिया÷ कह देना उचित नहीं है। यदि किसी संस्था ने कोई गलत कार्य किया है तो उसकी जाँच और कार्रवाई होनी चाहिए, परंतु लाखों विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रयासों को पूरी तरह नकार देना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसका दायित्व है कि वह समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवाल उठाए। लेकिन मीडिया की जिम्मेदारी केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। जब किसी शिक्षक या संस्था पर चर्चा की जाए तो उनके सकारात्मक योगदानों को भी सामने लाया जाना चाहिए। लाखों छात्रों की सफलता, उनकी प्रेरणादायक कहानियाँ और शिक्षा को सस्ता एवं सुलभ बनाने के प्रयास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितनी आलोचनाएँ।

आज देश के अनेक प्रशासनिक अधिकारी, बैंक अधिकारी, शिक्षक, इंजीनियर और अन्य पेशेवर ऐसे हैं जो साधारण परिवारों से निकलकर सफलता के शिखर तक पहुँचे हैं। इनमें से अनेक विद्यार्थियों ने स्वीकार किया है कि कम शुल्क वाली ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल मंचों ने उनकी तैयारी को संभव बनाया। इन शिक्षकों ने केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया, बल्कि यह विश्वास भी जगाया कि आर्थिक स्थिति चाहे कैसी भी हो, यदि मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकता है।

सपने देखना हर व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन उन सपनों को साकार करने का साहस देना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जो शिक्षक लाखों युवाओं में यह साहस पैदा करते हैं, उन्हें केवल एक व्यावसायिक दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। वे उन युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं जो परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहते हैं। उनकी कक्षाओं में केवल विषय नहीं पढ़ाए जाते, बल्कि आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतर प्रयास का महत्व भी सिखाया जाता है।

इसलिए यह कहना अधिक उचित होगा कि कम फीस में शिक्षा उपलब्ध कराने वाले सभी शिक्षकों और संस्थानों का मूल्यांकन उनके समग्र योगदान के आधार पर किया जाना चाहिए। आलोचना हो, पारदर्शिता हो और जवाबदेही भी हो, लेकिन साथ ही उनके द्वारा लाखों विद्यार्थियों के जीवन में लाए गए सकारात्मक बदलावों को भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

जिन लोगों ने शिक्षा को बड़े शहरों और महंगी कोचिंगों की सीमाओं से निकालकर देश के अंतिम गाँव तक पहुँचाया है, उन्हें केवल एक नकारात्मक शब्द से परिभाषित नहीं किया जा सकता।

वे शिक्षा माफिया नहीं, बल्कि उन करोड़ों युवाओं के सपनों को जगाने वाले शिक्षक हैं, जिनके पास कभी सपने देखने का अवसर भी नहीं था। यदि आज एक गरीब किसान का बेटा, मजदूर की बेटी या छोटे कस्बे का विद्यार्थी बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का साहस कर रहा है, तो उसमें इन शिक्षकों और संस्थानों का योगदान अवश्य है। इतिहास हमेशा उन लोगों को याद रखता है जो अवसरों को कुछ लोगों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास करते हैं। शिक्षा को सुलभ बनाकर इन शिक्षकों ने वही कार्य किया है, और यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

लेखक



**हरीश नाग**
**चांगोटोला, बालाघाट**

## मिले जो जख्म दुनिया से

मिले जो जख्म दुनिया से कभी वो भर नहीं सकते।
मगर हम राह से अपनी कभी भी टर नहीं सकते।

भले ही काट लेंगे जिंदगी अपनी फकीरी में।
मगर ईमान का सौदा कभी हम कर नहीं सकते।

उसूलों पर अडिग बेशक जमाने में अकेले हैं।
सियासत के फरेबों से मगर हम डर नहीं सकते।

हमारी जान के दुश्मन हमें मालूम है इतना।
के अपनी मौत से पहले कभी हम मर नहीं सकते।

वफ़ा की राह में अब तक मिले धोखे हजारों पर।
किसी के साथ में धोखा कभी हम कर नहीं सकते।

जलाकर ख्वाहिशें अपनी उजाला बाँटने निकले।
किसी की झोपड़ी में हम अँधेरा कर नहीं सकते।

झुका देते हैं सर अपना वतन के हम शहीदों पर।
घमंडी चौखटों पर सर सहज हम धर नहीं सकते।

**'सहज'**

## बातें करें..

चलो आज पेड़ लगाने की बातें करें।
फिर चाहे जितनी घातों पर घातें करे।
सबके भीतर जगाएं,कल्याण की भावना-
अपनी उजली,लोगों की काली रातें करें।
सूख जाएं भले पेड़ अपनी बला से-
इसी बहाने आपस में हम मुलाकातें करें।
इधर देते फिरें पर्यावरण सुरक्षा के संदेश,
उधर हमारे गुर्गे शुरू वारदातें करें।
रोज बढ़ने लगी है धरती की तपन
आधुनिक युग में कृत्रिम बरसातें करें।

**शशि तिवारी**


## परितः है शोभे आवरण

परितः है शोभे आवरण,
नाम पर्यावरण दिया करते हैं।
आज शुभ दिवस पर हम,
प्रण पर्यावरण की
रक्षा का करते हैं।।
यूं तो पेड़-पौधों का मोल नहीं,
हमें जीवन प्रदान करते हैं।
और विष को है ग्रहण कर,
प्राण वायु संजीवनी
बहाया करते हैं ।।
नही होते पेड़-पौधे जहां,
विरान से पथ लगते हैं।
शीतल छाया होती जहां,
राह चलत पंछी भी
ठहर जाते हैं।।
आओ रोपे हम पेड़ - पौधे,
प्रण शुभ दिवस पर करते हैं।
अपने पूर्वजों की धरोहर को,
भावी पीढ़ी के लिए
सुरक्षित करते हैं।।
परितः रखें साफ-सुथरा,
पर्यावरण संतुलन
बनाए रखते हैं।
जिम्मेदारी से प्रकृति
अनुरागी कहे,
आओ यह पुण्य
काम हम करते हैं ।।



**प्रकृति अनुरागी**
**बीउपवंशी**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 184



ck;s ls nk;s &  1) निर्णय 3) लता मंगेशकर को दि गई एक उपाधि 7) शाप 10) पारिश्रमिक 14) लक्ष्मी 15) बखान 16) शरमाना 17) कामदेव 19) पत्थर को कतरना 21) नृत्य करना 23) उलटी 25) अनावश्यक 27) किसी संस्था का साठवां महोत्सव 30) बड़े और छोटे परदे पर यह प्रसिद्ध हास्य अभिनेता छाया रहता था 33) एक मादक पदार्थ 34) तिसरे क्रमवाला 36) ऊपर से पानी आदि के गिरने से होनेवाला शब्द 37) परिणामतः 39) चिड़ियों का चहकने का मधुर ध्वनी 41) वेगवान वायू 43) त्रस्त होने का भाव 45) सुरत में 1907 में हुए कॉंग्रेस अधि िवेशन में फूट पड़कर बना एक दल जिसके नेता गोपालकृ ष्ण आगरकर थे 47) कान और आंख के बीच का स्थान 48) माचिस 51) दात 52) केश 53) पाप 54) पुत्र 56) भक्षण करना 57) लिखी हुई रचना 59) झगडा 60) अपरिचित 62) शक्तिशाली 65) सुस्ती 67) जमानत देनेवाला 69) पारा 70) परत 71) बिहार का एक प्रसिद्ध शहर 74) सोना 75) तल्लीन 77) शिव 78) कृपा (उर्दू) 79) 'टेकनिक' का हिंदी पर्याय 82) पुराने चालीस सेर का माप 84) लंबे समय तक चलनेवाला 85) अयोग्य 87) नियंत्रण, निवारण 89) नाराज 91) इटली की राजधानी 92) तिल की एक किस्म की बरफी 93) परिवर्तित करना 95) कोन (अंग्रेजी) 97) प्रथा 99) शुल्क 100) वायुरोग 101) महिना 103) व्ही. शांताराम निर्मित, निर्देशित एवं संध्या व महिपाल अभिनीत एक हिट फिल्म 104) अपशब्द 107) लाक्षणिक दृष्टीसे दलबदलू 111) विष 112) तीर, कूल 114) मुंबई स्थित एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी 115) पथदर्शक 116) एक भारतीय खेल, जिसका समावेश एशियाई खेल स्पर्धाओं किया गया है 117) गैरहाजिर होना

Åij ls uhps &  1) तापमापक यंत्र की एक पुरानी किस्म, जिसका नामकरण आविष्कारक के नाम पर किया गया है 2) अखबार 3) किसी संस्था का पचासवां वार्षिक समारोह 4) दौड़ (अंग्रेजी) 5) गढ़ 6) छुईमुई 8) डकैत 9) आय, आमद 10) गांधी परिवार की वह बहु जो पर्यावरणविद के रूप में प्रसिद्ध है 11) झुका हुआ 12) राजा हरिश्चंद्र की पत्नी 13) ध्वंस 18) भाव 20) एक पुरानी अभिनेत्री जो फिल्म आन की नायिका थी 22) नासिका 24) बहुत बड़ा 26) छुट्टी 28) एक भारतीय राजनीतिक दल 29) पंड़वानी गीतो की छत्तीसगढ की एक प्रसिद्ध गायिका 30) प्रेमी या पति 31) सुरत 32) गति, गलत चेष्टा 35) धीरे धीरे हाथ फेरना 38) द्रव 40) वन विभाग का कर्मचारी 41) गोविंदा की एक बेहतरीन फिल्म 42) शरम 44) परत 46) रावण 48) आईस्क्रिम व दूध तैयार करनेवाली एक कंपनी 49) मित्र 50) सबके सामने 53) पान सुपारी रखने की तश्तरी 55) दलदल वाली ( जमीन) 58) दुष्ट 60) 'अमावस्या' का संक्षिप्त रुप 61) गौतम बुद्ध के पूर्वजन्म की कथाओं को दिया गया नाम 63) क्रीड़ा 64) कृपा 66) किसी फिल्म या नाटक में नायक का साथी 67) विश्व 68)रुपया, पैसा 69) नाव के मस्तूल से लगाकर ताना गया कपड़ा 70) रूई से तागा बनाने का एक छोटा उपकरण 72) योग्य 73) तरीका 76) फिल्म साजन, दिवाना व परदेस के संगीतकारद्वय में से एक 77) शंका करनेवाला 78) अनुमति 80) चप्पल तैयार करनेवाली एक प्रसिद्ध कंपनी 81) अच्छा 83) नाखून 85) असह्य 86) स्वयं 88) तल्लीन 90) कामसे फुरसत पाया हुआ (उर्दू) 91) कामधंदा 93) कान से जिसे सुनाई ना देता हो 94) मसालेमें ड़ाला जानेवाला एक पदार्थ 96) नमक 98) युद्ध 99) एक वृक्ष 101) मायावान, मायायुक्त 102) विष्णू का एक अवतार 105) निगलना 106) ऐहिक, 107) करवत 108) पुरुष 109) दोस्त 110) मनुस्मृती के रचनाकार 111) एकही किस्म व आकारकी वस्तूओं का एक खास मूठ 113) राणा का अपभ्रंश

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





# अंद्रीवा और च्वालिंस्का के बीच खिताबी जंग, फ्रेंच ओपन को मिलेगा नया विजेता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में शनिवार को दो उभरती हुई खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा, जब रूस की 19 वर्षीय मीरा अंद्रीवा का सामना पोलैंड की माया च्वालिंस्का से होगा।***



दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं, इसलिए रोलां गैरो को इस बार नया चैंपियन मिलने जा रहा है। पिछले वर्ष अंद्रीवा इस टूर्नामेंट में दबाव नहीं संभाल सकी थीं। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में वह अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ी लोइस बोइसन के खिलाफ अपना आपा खो बैठी थीं और सीधे सेटों में हार गई थीं। मैच के दौरान गुस्से में गेंद दर्शक दीर्घा की ओर मारने पर उन्हें चेतावनी भी मिली थी।

लेकिन बीते दो सप्ताह में ऐसी कोई स्थिति देखने को नहीं मिली। अभी केवल 19 वर्ष की अंद्रीवा पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं। दबाव अब भी है, लेकिन उसे संभालना उन्होंने सीख लिया है। सेमीफाइनल में इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ क्ले-कोर्ट खिलाड़ियों में से एक मार्ता कोस्त्युक को हराने के बाद अंद्रीवा ने कहा, 'अब भी ऐसे मैचों में मुझे घबराहट होती है। पहले अगर मेरी सर्विस टूट जाती थी तो लगता था जैसे सब खत्म हो गया हो। लेकिन अब मैं सोचती हूं कि अगर प्रतिद्वंद्वी ने मेरी सर्विस तोड़ दी है तो कोई बात नहीं, मैं भी उसकी सर्विस तोड़ने की कोशिश करूंगी।' उनका यह बदला हुआ नजरिया कारगर साबित हुआ है। आठवीं वरीयता प्राप्त अंद्रीवा ने फाइनल तक के सफर में केवल एक सेट गंवाया है। खिताबी मुकाबले में उनका सामना क्वालीफायर और विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज माया च्वालिंस्का से होगा। फ्रेंच ओपन से पहले किसी ग्रैंड स्लैम में च्वालिंस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 के विंबलडन में दूसरे दौर तक पहुंचना था। वह पेशेवर युग (1968) में ग्रैंड स्लैम एकल फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी क्वालीफायर खिलाड़ी हैं। उनसे पहले एमा रादुकानू ने 2021 यूएस ओपन का खिताब जीता था।

पेरिस में च्वालिंस्का ने अपने अप्रत्याशित प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने नौ में से आठ मुकाबले सीधे सेटों में जीते हैं। उनकी पहचान विविध शॉट्स, शानदार लॉब और ड्रॉप शॉट्स से है। उनकी शैली अंद्रीवा के ताकतवर खेल से बिल्कुल अलग है। च्वालिंस्का ने कहा, 'मुझे पता है कि मेरा खेल टूर की अधिकांश खिलाड़ियों से अलग है। मेरे पास बहुत ताकतवर खेल दिखाने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता नहीं है, इसलिए मुझे अपने लिए अलग तरह के शॉट विकसित करने पड़े। यही मेरे लिए फायदेमंद साबित हुआ है।'

अंद्रीवा अगर खिताब जीतती हैं तो वह 1992 में 18 वर्षीय मोनिका सेलेस के बाद फ्रेंच ओपन महिला एकल का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन जाएंगी। वहीं, च्वालिंस्का जीत दर्ज कर पेशेवर युग में क्वालीफायर के रूप में ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाली चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगी।

# तृप्ति डिमरी के लिए खास फिल्म बनी 'मां बहन', माधुरी दीक्षित संग स्क्रीन शेयर करने का बताया अनुभव..

डेस्क जगप्रेरणा।

***ब्लैक कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' की रिलीज के बाद अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने माधुरी दीक्षित नैने और धरना दुर्गा के लिए एक भावुक संदेश शेयर किया है। अभिनेत्री ने फिल्म मां बहन को अपने अभिनय सफर का एक शानदार प्रयोग भी बताया।***



तृप्ति ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में प्रशंसकों को माधुरी दीक्षित, धरना दुर्गा और निर्देशक सुरेश त्रिवेनी के साथ फिल्म के पर्दे के पीछे के कुछ पलों की झलक मिली।

फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए तृप्ति ने लिखा, 'यह फिल्म मेरे दिल में हमेशा एक खास जगह रखेगी।'

## तस्वीरों के साथ लिखा भावुक नोट..

तृप्ति ने इन तस्वीरों के साथ लिखा, 'हर दिन कुछ नया लेकर आता था. अंतहीन हंसी, सहज क्षण और यादें जिन्होंने सेट पर हर दिन को सचमुच यादगार बना दिया।' अभिनेत्री ने यह भी बताया कि इस फिल्म ने उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने में कैसे मदद की। 'यह मेरे लिए एक अभिनेता के रूप में एक बेहतरीन प्रयोग था, जिसने मुझे नए क्षेत्रों में धकेल दिया और मुझे बहुत कुछ खोजने में मदद की। तृप्ति ने दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की भी तारीफ की, जिनके साथ उन्होंने फिल्म में स्क्रीन शेयर की।

उन्होंने लिखा, 'माधुरी दीक्षित मैम के साथ काम करना बेहद आनंददायक था। वह सहज रूप से शालीन, मिलनसार और एक कलाकार के रूप में बेहद उदार थीं। उनके साथ स्क्रीन शेयर करना सचमुच मेरे लिए सम्मान की बात थी।

## कहानी की राइटर को भी कहा शुक्रिया..

तृप्ति ने किरदार को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के लिए लेखिका पूजा तोलानी को भी धन्यवाद दिया और लिखा, 'और हमारी लेखिका पूजा तोलानी, वह लगातार मेरा मार्गदर्शन करती रहीं, मेरा समर्थन करती रहीं और मेरे अभिनय में कई परतें खोजने में मेरी मदद करती रहीं, जिसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।' 'मां बहन' की कहानी रेखा (माधुरी दीक्षित), जया (तृप्ति डिमरी) और सुषमा (धरना दुर्गा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी जिंदगी में उस समय एक अप्रत्याशित मोड़ आता है जब उन्हें अपने घर में एक शव मिलता है। इसके बाद कई तरह के लीपापोती, भावुक क्षण और अफरा-तफरी मच जाती है, क्योंकि वे इस स्थिति से निपटने की कोशिश करती हैं। सुरेश त्रिवेनी द्वारा निर्देशित और अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट द्वारा ओपनिंग इमेज फिल्म्स के सहयोग से निर्मित यह फिल्म 4 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

# श्रीलंका पहुंचते ही वैभव सूर्यवंशी को फैन की हरकत पर आया गुस्सा, हाथ जोड़कर दूर रहने का किया इशारा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***वर्ल्ड क्रिकेट में मौजूदा समय में किसी एक खिलाड़ी को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा देखने को मिल रही है तो वह आईपीएल 2026 के सीजन में बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग अब हर कहीं देखने को मिलती है।***



आईपीएल सीजन खत्म होने के बाद वैभव सूर्यवंशी को मैदान पर खेलते हुए देखने का इंतजार सभी फैंस काफी बेसब्री से कर रहे हैं, जिसमें वह 9 जून से श्रीलंका में होने वाली ए टीमों की वनडे ट्राई सीरीज में खेलते हुए दिखने वाले हैं। इस सीरीज को लेकर टीम इंडिया का स्क्वाड जिसकी कप्तानी तिलक वर्मा संभाल रहे हैं वह 5 जून को श्रीलंका पहुंच गया। वहां पर एयरपोर्ट बाहर निकलने के दौरान वैभव सूर्यवंशी कुछ फैंस से थोड़ा परेशान होते नजर आए जिसमें उन्होंने हाथ जोड़कर उनको दूर रहने का इशारा भी किया, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

## फैंस के लगातार सेल्फी लेने से परेशान हुए वैभव सूर्यवंशी..

भारतीय-ए टीम को श्रीलंका में होने वाली ट्राई सीरीज के मुकाबले दांबुला के स्टेडियम में खेलने हैं, जिसमें हिस्सा लेने के लिए जब टीम इंडिया वहां पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से बाहर निकल रहा था, तो सभी की नजरें वैभव सूर्यवंशी को लेकर सबसे ज्यादा टिकी हुई थी। वैभव के बाहर आते ही कुछ श्रीलंकाई फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते दिखाई दिए जिसके चलते वैभव थोड़ा परेशान भी और ये उनके चेहरे से साफतौर पर देखने को भी मिला। इसके बाद वैभव ने एक फैन से परेशान होने के बाद हाथ जोड़कर उससे दूर रहने का इशारा करने के साथ खुद को थोड़ी जगह देने के लिए कहा। इस वनडे ट्राई सीरीज में भारतीय टीम को अपना पहला मुकाबला मेजबान श्रीलंका-ए टीम के खिलाफ खेलना है। वहीं इस टूर्नामेंट में तीसरी टीम अफगानिस्तान-ए है।

## इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए वैभव की एंट्री लगभग तय..


आईपीएल 2026 में कई दिग्गज गेंदबाजों के खिलाफ वैभव का बल्ले से बेखौफ अंदाज देखते हुए उन्हें टीम इंडिया में शामिल करने को लेकर कई बयान सामने आ चुके हैं। ऐसे में अब आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर खेली जाने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड में वैभव सूर्यवंशी की एंट्री को लगभग तय माना जा रहा है।

इन दोनों ही दौरों के लिए टीम इंडिया का ऐलान 6 जून को चयनकर्ता करेंगे।

# नागिन 7 के फिनाले में दर्शकों को मिलेगा खास सरप्राइज, प्रियंका चौधरी ने पोस्ट शेयर कर दिया हिंट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी की दुनिया का पॉपुलर शो नागिन 7 अपने अंतिम दौर में है और जल्द ही इसका ग्रांड फिनाले शूट होने वाला है। लेकिन फिनाले के इस एपिसोड में फैन्स को खास सरप्राइज मिलने वाला है। इसका हिंट खुद शो की लीड हीरोइन प्रियंका चहर चौधरी ने दिया है।***



अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शो के कोरियोग्राफर, आमार सखारकर के साथ एक वीडियो शेयर किया। अपने फॉलोअर्स से उनका परिचय कराते हुए उन्होंने कहा, 'अभी तक नागिन के सारे डांस सीक्वेंस इन्होंने करवाए हैं।' कोरियोग्राफर ने डांस रिहर्सल के दौरान अपना 100 प्रतिशत देने के लिए अभिनेत्री की तारीफ की। वीडियो के अंत में, प्रियंका ने फैंस को चिढ़ाते हुए कहा, 'और अब आएगा तांडव।'

## फैन्स ने की एआई का इस्तेमाल न करने की अपील..

वीडियो वायरल होते ही फैंस ने सोशल मीडिया पर मेकर्स से आखिरी एपिसोड में AI का इस्तेमाल न करने की अपील की। एक यूजर ने क्लिप को रेडिट पर शेयर करते हुए लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि वे पिछली बार की तरह इसे एआई से खराब नहीं करेंगे।'

इसी बीच रेडिट पर एक यूजर ने फिनाले का स्पॉइलर शीर्षक से एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में नज़र टीवी चैनल का एक स्क्रीनशॉट था, जिसमें आखिरी एपिसोड के एक संभावित ट्विस्ट का खुलासा किया गया था। पोस्ट के अनुसार, अनंता ने अपनी बहन राधिका के लिए अपनी सारी शक्तियां त्याग दीं और आर्यमन के साथ मानवीय जीवन जीने लगी।

राधिका को प्रगति ने नागलोक में बचाया ताकि वह बचपन के आघातों से उबर सके। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि निर्माताओं ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है और यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कथित स्पॉइलर तथ्यात्मक रूप से सही है या नहीं।


## 7 जून को होगा ग्रांड फिनाले..

नागिन 7 का ग्रांड फिनाले 7 जून, 2026 को प्रसारित होने वाला है। निर्माता एकता कपूर ने खुद सोशल मीडिया वीडियो के जरिए इस तारीख की पुष्टि की है और बताया है कि आखिरी एपिसोड उनके जन्मदिन के साथ ही प्रसारित होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शो कम रेटिंग के कारण खत्म नहीं हो रहा है, बल्कि इसे शुरू से ही सीमित एपिसोड की सीरीज के रूप में प्लान किया गया था। एकता के अनुसार, नागिन 7 को शुरुआत में 30 एपिसोड का शो बनाने की योजना थी, जिसे बाद में चैनल के अनुरोध पर बढ़ाया गया।

# गंभीर ने दिन के टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के प्रस्ताव का किया समर्थन..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की स्थिति में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल की अनुमति देने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे मैच का परिणाम हासिल करने का मौका मिलेगा।***



आईसीसी बोर्ड की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों टीमों की सहमति होने पर सामान्य टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के उपयोग का परीक्षण किया जा सकेगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके। यह पता चला है कि मैच की शुरुआत पारंपरिक लाल गेंद से होगी, लेकिन अगर रोशनी की समस्या उत्पन्न होती है तो फ्लडलाइट (दुधिया रोशनी) में गुलाबी गेंद का उपयोग किया जाएगा, जिससे उन ओवरों की भरपाई की जा सके गंभीर ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले कहा, 'मुझे यह फैसला पसंद है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर मैच का परिणाम निकालने का अवसर मौजूद है तो उसे हर हाल में किया जाना चाहिए।' यह नया नियम एक अक्टूबर से लागू होगा। गंभीर के समर्थन के पीछे एक व्यवहारिक कारण भी है। भारत को फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलनी है। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट गुवाहाटी और अंतिम टेस्ट रांची में प्रस्तावित है। देश के पूर्वी क्षेत्र के इन शहरों में सूर्यास्त अपेक्षाकृत जल्दी होने के कारण खेल के ओवर प्रभावित हो सकते हैं।

गंभीर ने कहा, 'कल्पना कीजिए कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले आप आखिरी टेस्ट खेल रहे हों और जीत के साथ फाइनल में जगह बनाने की संभावना हो लेकिन खराब रोशनी के कारण मैच का परिणाम ही न निकल पाए। अगर दोनों टीमें सहमत हों और परिणाम निकालने का अवसर मिले, तो मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं।'

उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि एक ही मैच के दौरान लाल गेंद से गुलाबी गेंद में बदलाव खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दांव पर होने की स्थिति में खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि खिलाड़ियों के लिए यह बदलाव कुछ कठिन और अनिश्चित हो सकता है, लेकिन सोचिए कि आपने दो वर्षों तक कड़ी मेहनत की हो और फाइनल से पहले आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हों।'

गंभीर ने कहा, 'अगर खराब किस्मत के कारण पांच दिनों तक पर्याप्त खेल ही न हो पाए तो उससे बड़ी अनिश्चितता और क्या होगी? मुझे लगता है कि यह एक सकारात्मक कदम है। उम्मीद है कि टीमें भी इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से अपनाएंगी।'

# विलेन की सनक ने बिगाड़ दिया था हीरो के परिवार का हुलिया, 2 साल पहले रिलीज हुई थी फिल्म शैतान, नेटफ्लिक्स पर मौजूद है कहानी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बीते 2 साल पहले एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई थी जिसकी कहानी ने लोगों के होश उड़ा दिए थे। इस कहानी में विलेन की सनक ने हीरो के परिवार की हुलिया टाइट कर दी थी।***



साल 2024 में आई ये फिल्म न केवल हिट रही थी बल्कि लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने में सफल रही थी। इस फिल्म का नाम है शैतान और इसमें अजय देवगन के साथ ज्योतिका ने लीड रोल प्ले किया था। इस कहानी के विलेन माधवन रहे थे और उन्होंने कमाल का किरदार निभाया था।

## बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी फिल्म..

फिल्म शैतान साल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे विकास बहल ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी आमिर कैयान खान, सुदिप्तो सरकार और कृष्णदेव याग्निक ने मिलकर लिखी थी। हॉरर और थ्रिल से भरी इस कहानी को लोगों ने खूब प्यार दिया था और हिट रही थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 213 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर सभी को चौंका दिया था।

भारत में 176.29 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया था और भारत के बाहर 37 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई की थी। फिल्म कमाई के मामले में मेकर्स को खुश कर गई थी। साथ ही सभी एक्टर्स और कहानी की भी जमकर तारीफ हुई थी।

## क्या है फिल्म की कहानी?

फिल्म की कहानी कबीर नाम के बंदे की है जिसे अजय देवगन ने प्ले किया है। कबीर अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने अपने फॉर्महाउस पर जा रहे होते हैं। कबीर के साथ उसकी सुंदर पत्नी ज्योति, बेटी जाह्नवी और बेटे ध्रुव भी साथ रहता है। जब ये परिवार रास्ते में एक जगह रेस्टोरेंट पर खाने-पीने के लिए रुकता है और यहीं पर इनकी मुलाकात होती है वनराज (आर माधवन) से जो कहानी का विलेन है। यहां वनराज किसी तरह कबीर की बेटी को एक लड्डू खिला देता है और अपने वश में कर लेता है। इसके बाद कहानी ऐसी मोड़ लेती है कि सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। इस दमदार कहानी में विलेन कई बार हीरो पर भारी पड़ता है और उसके परिवार को खूब परेशान करता है। अगर आप भी इस फिल्म को देखना चाहते हैं तो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी। साथ ही आर माधवन ने भी कमाल का किरदार निभाया था।







विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# आरबीआई के रेपो दर स्थिर रखने के फैसले को बैंकिंग विशेषज्ञों ने बताया संतुलित कदम..



मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने और तटस्थ रुख बनाए रखने के निर्णय को बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों ने संतुलित और विवेकपूर्ण कदम बताया है।***

बैंकरों का कहना है कि यह निर्णय पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊंची ऊर्जा कीमतों के बीच आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की सोच को दर्शाता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन एवं भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के अध्यक्ष सी एस शेट्टी ने कहा, ÷विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए एफसीएनआर (बी) जमा, सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशों से उधारी और इक्विटी निवेश से जुड़े जो उपाय घोषित किए गए हैं, वे समयोचित और व्यापक हैं। इन कदमों से पूंजी प्रवाह में वृद्धि होगी, बॉन्ड बाजारों का विस्तार होगा, नकदी में सुधार आएगा और रुपये को मजबूती मिलेगी।÷ बैंकिंग विशेषज्ञों ने कहा कि इन कदमों से बाजार में नकदी में सुधार होगा और रुपये को मजबूती मिलेगी।

इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, ÷हालांकि अर्थव्यवस्था जुझारूपन दिखा रही है और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। फिर भी पश्चिम एशिया में तनाव और ऊंची ऊर्जा कीमतों को देखते हुए सतर्क रुख अपनाना उचित है।÷

उन्होंने कहा, ÷रेपो दर को स्थिर रखकर आरबीआई चल रही आर्थिक सुधार प्रक्रिया की निरंतरता को मजबूत करता है और उधारी लागत में पहले से अनुमान लगाई जा सकने वाली स्थिति सुनिश्चित करता है, जो परिवारों और व्यवसायों दोनों के लिए राहत की बात है।÷

आरबीआई ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए शुक्रवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही तटस्थ रुख को भी कायम रखा गया है। करूर वैश्य बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर. रमेश बाबू ने कहा कि तटस्थ रुख के साथ रेपो दर को यथावत रखने का निर्णय एक स्थिर और संतुलित आर्थिक वातावरण सुनिश्चित करता है जिसमें वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करने की पर्याप्त गुंजाइश रहती है।

# पश्चिम एशिया से मिल रहे बदलते संकेतों के बीच सोने की कीमत में गिरावट..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत घटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। उतार-चढ़ाव भरे इस सप्ताह के दौरान पश्चिम एशिया से लगातार बदलते संकेतों से निवेशक परेशान रहे।***

स्थानीय सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 1,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि एक दिन पहले इसने 1.60 लाख रुपये का स्तर हासिल किया था।

यह गिरावट भारी उतार-चढ़ाव वाले सप्ताह के बाद आई, जिसमें इस कीमती धातु की कीमत लगभग हर सत्र में कभी बढ़ी तो कभी घटी।

इस सप्ताह सोने की कीमत में 3,000 रुपये यानी लगभग दो प्रतिशत की गिरावट आई, जो कीमती धातु के बाजारों में छाई अनिश्चितता को दर्शाता है।

चांदी की कीमतों में और भी तेज गिरावट देखी गई। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए चांदी की कीमत 5,000 रुपये लुढ़ककर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

साप्ताहिक आधार पर, इसमें कुल 14,000 रुपये यानी 5.09 प्रतिशत की गिरावट आई है।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी पूंजी को आकर्षित करने और घरेलू मुद्रा को समर्थन देने के उपायों की घोषणा के बाद मजबूत हुए रुपये के कारण सर्राफा कीमतों पर दबाव पड़ा।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी और रुपये में तेज सुधार के अतिरिक्त दबाव के कारण शुक्रवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट आई।''

उन्होंने कहा कि निवेशकों ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और इस बढ़ती उम्मीद के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की कि अमेरिकी ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से गिरकर 4,470.79 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी एक प्रतिशत से अधिक गिरकर 72.89 डॉलर प्रति औंस रह गई।

कोटक सिक्योरिटीज की जिंस शोध की सहायक उपाध्यक्ष कायनात चेनवाला ने कहा, ''शुक्रवार को हाजिर सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई और यह लगातार दूसरे सप्ताह नुकसान की ओर बढ़ रहा है।''

पिछले सत्र में सोने की कीमतों में थोड़ी राहत देखी गई, क्योंकि बॉन्ड प्रतिफल में कमी, अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने और वॉशिंगटन-तेहरान बातचीत को लेकर थोड़ी कूटनीतिक उम्मीद ने इसकी कीमतों को ऊपर उठाया।

हालांकि, हिज्बुल्ला द्वारा अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इजराइल-लेबनान युद्धविराम को ठुकराते ही ये बढ़त जल्दी ही खत्म हो गई।

# भारत - ब्रिटेन एफटीए सह - निर्माण को देता है वाणिज्यिक प्रोत्साहन: प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत



लंदन, (भाषा)।

***प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के लिए एक 'ऐतिहासिक क्षण' है, जो मध्यस्थता और सुलह के क्षेत्र में सह-निर्माण को वाणिज्यिक प्रोत्साहन देता है।***

प्रधान न्यायाधीश ने भारतीय मध्यस्थता परिषद (आईसीए) की तरफ से यहां 'भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में वैकल्पिक विवाद समाधान' विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना और विवादों के मूल्य तथा उनकी तात्कालिकता के अनुरूप प्रक्रियाएं अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दोनों अर्थव्यवस्थाएं गहरे वाणिज्यिक संबंधों की ओर बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे विवाद निपटान प्रणाली में विश्वास होना भी उतना ही जरूरी है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ÷पिछले साल भारत एवं ब्रिटेन के बीच एफटीए संपन्न हुआ, जो दोनों देशों के लिए निस्संदेह एक ऐतिहासिक क्षण था। जिस समय अंतरराष्ट्रीय व्यापार संवाद तनाव और अनिश्चितताओं से भरा हुआ है, उस समय भारत और ब्रिटेन ने दुनिया को आगे बढ़ने का एक बेहतर रास्ता दिखाया।÷

उन्होंने कहा, ÷हम भारत और ब्रिटेन के संबंधों के एक बहुत महत्वपूर्ण दौर में मिल रहे हैं। हमारी दोनों प्रणालियां समान विधि परंपरा पर आधारित हैं और इनके बीच लंबे समय से एक कानूनी संवाद रहा है। साथ ही, दोनों अर्थव्यवस्थाएं अपनी गहरी वाणिज्यिक साझेदारी को और अधिक सार्थक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए यह आवश्यक है कि जब भी मतभेद उत्पन्न हों, उनका समाधान निष्पक्ष, कुशल और व्यापारिक वास्तविकताओं के सम्मान के साथ किया जाए।÷ उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में लागू होने जा रहे भारत-ब्रिटेन एफटीए ने दोनों उन्नत समान विधि परंपरा वाली न्याय-व्यवस्थाओं के बीच विकास को एक साथ जोड़ने और आगे बढ़ाने के लिए मजबूत व्यापारिक प्रोत्साहन पैदा किया है।

उन्होंने कहा, ÷अब जरूरत तुलना करने की नहीं, बल्कि मिलकर निर्माण करने की है। दोनों देश मिलकर एक ऐसा वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) ढांचा तैयार करें, जिसमें दोनों प्रणालियां एक-दूसरे की विश्वसनीयता, विशेषज्ञता और मानकों को साझा करें और मजबूत करें। इस तरह ऐसी प्रणाली तैयार हो जो कोई भी देश अकेले नहीं बना सकता।÷ उन्होंने आधुनिक मध्यस्थता व्यवस्था की तुलना भारत की प्राचीन पंचायत प्रणाली से की, जिसमें विवादों के समाधान के लिए सामुदायिक विश्वास और अनुभव पर आधारित निर्णय लिए जाते थे।




# भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव की मजबूती दर्शाती है 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर: प्रधानमंत्री मोदी..



दमन, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दर्शाती है कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव बेहद मजबूत है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा जताया कि देश***

अपने 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक प्रयासों के दम पर मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी खुद को संभालने में पूरी तरह सक्षम है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

मोदी ने शुक्रवार को जारी किये गए आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रही, जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई।

उन्होंने कहा, ''आज जो आंकड़े सामने आए हैं, वे साफकरते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव कितनी मजबूत है।''

प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रशासित प्रदेश दमन में 2,970 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ÷मेरे सामने आए आंकड़े मेरे वास्तव में बेहद खुशी देने वाले हैं। मैं इस खुशी को आपके साथ भी साझा करना चाहता हूं।÷

प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में पिछले तीन महीनों से अधिक समय से जारी संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक संकट के इस कठिन दौर में भी भारत अपने 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से खुद को बेहतर तरीके से संभाल रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में जारी सुधारों, विकसित किये जा रहे बुनियादी ढांचे और सभी स्तरों पर गरीबों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के परिणामस्वरूप देश प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से प्रगति करने वाला देश बन गया है।

मोदी ने कहा, ÷मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि वैश्विक संकट के बावजूद, भारत सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के पथ पर उसी दृढ़ संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। यह देश की जनता के प्रति मेरी गारंटी है।

उन्होंने रेखांकित किया कि उनकी सरकार के लिए विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ऐसा विकास मॉडल टिकाऊ हो।

मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के लिए विकास की पहली कसौटी गरीबों, आदिवासियों और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में बदलाव लाना है, और इसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 60 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो पाता था लेकिन आज यह आंकड़ा लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

उन्होंने संस्थागत प्रसव में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि अब देश में 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों का जन्म अस्पतालों में हो रहा है।

मोदी ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेश भारत की पहचान और विरासत है, और सरकार इसके विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश, सिंगापुर की तरह विकसित होने का सपना देख रहा है, और नमो हवाई अड्डे, दमनगंगा नदी पर बना पुल और कन्वेंशन सेंटर जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं इसके भविष्य के बारे में एक नए दृष्टिकोण की नींव रखेंगी।

मोदी ने कहा, ''यहां आतिथ्य सत्कार अर्थव्यवस्था से अपार अवसर मिलेंगे। इस क्षेत्र में समुद्री अर्थव्यवस्था के लिए हमने जो परिकल्पना तैयार की है, वह भी उच्च तकनीक वाले बुनियादी ढांचे की मदद से साकार होगी।''

उन्होंने कहा कि दमन में शिक्षा क्षेत्र में भी सुधार हुए हैं और लड़कियों को शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं।

मोदी ने दमन और दीव के लिए 2,970 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

मोदी द्वारा स्वास्थ्य सेवा, नागरिक उड्डयन, पर्यटन, बुनियादी ढांचा, संपर्क और जन कल्याण क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं, जिनमें नमो हवाई अड्डे का एक नया टर्मिनल भवन, नमो अस्पताल, एक अहम पुल, दमन कन्वेंशन सेंटर और दमन में निफ्ट (राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान) परिसर शामिल हैं।

मोदी ने लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के लिए 885 करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इन परियोजनाओं में कलपेनी और कदमत द्वीपों के पूर्वी और पश्चिमी किनारों पर बंदरगाह सुविधाओं का विकास शामिल है।

# देश के 27 प्रतिशत परिवार अब भी इंटरनेट सुविधा से वंचित: एनसीएईआर रिपोर्ट..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में मोबाइल फोन की उपलब्धता लगभग हर परिवार तक होने के बावजूद बड़ी संख्या में परिवार अब भी इंटरनेट से दूर हैं। शुक्रवार को जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश किया गया।***

रिपोर्ट के मुताबिक, 95.1 प्रतिशत परिवारों के पास मोबाइल फोन है, लेकिन 27.5 प्रतिशत परिवार अब भी डिजिटल दुनिया से नहीं जुड़ पाए हैं। यह स्थिति देश में डिजिटल असमानता को उजागर करती है, जो अब केवल इंटरनेट की पहुंच तक सीमित नहीं है, बल्कि अवसरों और डिजिटल सेवाओं के उपयोग में भी अंतर दिखाती है।

यह अध्ययन 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) ने 'द क्वांटम हब' के सहयोग से तैयार किया है। इसका शीर्षक 'भारत में डिजिटल समावेशन का बदलता परिदृश्य' है। रिपोर्ट 2022 से 2024 के बीच किए गए भारत मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस-3) पर आधारित है, जिसमें 47,000 से अधिक परिवार शामिल थे।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। 2015 में जहां करीब 19.8 करोड़ लोग इंटरनेट का उपयोग करते थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 1.03 अरब से अधिक हो गई है। यह वृद्धि सस्ते स्मार्टफोन, सस्ते डेटा और डिजिटल ढांचे के विस्तार के कारण हुई है।

इसके बावजूद असमानता बनी हुई है। कई परिवारों में इंटरनेट की गुणवत्ता, उपकरणों की उपलब्धता, डिजिटल कौशल और शिक्षा का स्तर अलग-अलग है। साथ ही सरकारी सेवाओं, वित्तीय सुविधाओं और रोजगार के डिजिटल उपयोग में भी अंतर देखने को मिलता है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 71.4 प्रतिशत परिवार मोबाइल के जरिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं, लेकिन 27.5 प्रतिशत परिवार अब भी पूरी तरह ऑफलाइन हैं।

इंटरनेट उपयोग में पुरुष-महिला अंतर भी स्पष्ट है। कामकाजी उम्र की 35.6 प्रतिशत महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करती हैं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 57.6 प्रतिशत है।

अध्ययन में यह भी सामने आया कि डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने वाले कई परिवारों को अब भी बाहरी व्यक्ति की मदद लेनी पड़ती है। ऐसे 20.4 प्रतिशत परिवारों में यह स्थिति देखी गई।

इसमें कहा गया कि जिन परिवारों में शिक्षा का स्तर कम है, उनमें यह निर्भरता और बढ़कर लगभग एक-तिहाई तक पहुंच जाती है। इससे पता चलता है कि कई लोगों के लिए इंटरनेट अभी भी एक ऐसा साधन है जिसे वे अकेले आसानी से उपयोग नहीं कर पाते।

# मौद्रिक समीक्षा के बाद रुपया 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, (भाषा)।

***रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा तरलता मजबूत करने के उपायों की घोषणा के बाद शुक्रवार को रुपया 56 पैसे मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति में की गई घोषणाओं से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।***

केंद्रीय बैंक ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए काफी है। आरबीआई ने लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया, क्योंकि उसने ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया संकट की वजह से आपूर्ति में आ रही रुकावटों के असर पर विचार किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.89 के उच्च स्तर तक पहुंचा और अंत में 95.18 पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 56 पैसे की मजबूती दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को दो पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने और तटस्थ रुख बनाए रखने का निर्णय लिया है।

कोटक सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख (जिंस एवं मुद्रा) अनिंद्य बनर्जी ने कहा, ''रेपो दर को तटस्थ रुख के साथ 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत करने से आरबीआई ने स्पष्ट कर दिया है कि दर नीति का उपयोग महंगाई नियंत्रण के लिए होगा और रुपये की रक्षा पूंजी खाते के माध्यम से की जाएगी।''

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.22 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 116.67 अंक टूटकर 74,243.34 अंक पर जबकि निफ्टी 49.85 अंक फिसलकर 23,366.70 अंक पर बंद हुआ।अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94.75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने शुक्रवार को 8,776.25 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं..
## प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विविध जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।***





कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे महाविद्यालय परिसर से जागरूकता रैली के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. मराठे ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने 'बंजर धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार' तथा 'पाउच, पन्नी, पॉलीथीन, प्रकृति के दुश्मन तीन' जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली के पश्चात एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स

एवं छात्र-छात्राएं रेंजर कॉलेज पहुंचे, जहां डॉ. दुर्गेश अगासे के मार्गदर्शन में ई-बर्ड ऐप के माध्यम से जैव-विविधता अवलोकन गतिविधि आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने रेंजर कॉलेज से बजरंग घाट होते हुए शंकर घाट तक प्रकृति भ्रमण कर स्थानीय जैव-विविधता का अध्ययन किया तथा मां वैनगंगा के तट पर स्वच्छता एवं संरक्षण का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में सामूहिक आरती कर सभी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

इसके बाद रेंजर कॉलेज सभागार में आयोजित बौद्धिक सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. दुर्गेश अगासे ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से बालाघाट क्षेत्र की समृद्ध जैव-विविधता, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रत्येक जीव की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र ब्रम्हे ने क्षेत्रीय वनस्पतियों एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े ने ग्लोबल वार्मिंग, अल-नीनो, माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण, वनों में आग से होने वाली क्षति, एसी से निकलने वाली क्लोरोफ्लोरो कार्बन गैसों के दुष्प्रभाव तथा नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास भविष्य में बड़े पर्यावरणीय बदलावों का आधार बन सकते हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी से कम से कम दस पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति का अभिन्न अंग है और जल, वायु तथा वन संपदा की रक्षा करना हम सभी का परम दायित्व है।

कार्यक्रम के अंत में एनसीसी अधिकारी डॉ. गजानन कटरे ने आभार व्यक्त किया। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर चर्चा एवं स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. महावीर मरकाम, क्रीड़ा अधिकारी अनिल झरबड़े, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार बिसेन, प्रो. ऋषभ भगत, प्रो. दीक्षा सैय्याम, सागर दौने,

आशुतोष राजावत सहित एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों और कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता रही। पर्यावरण संरक्षण एवं जैव-विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में आयोजित यह पहल विद्यार्थियों और समाज के लिए प्रेरणादायी साबित हुई।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महा-विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 05 जून 2026 को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।***



कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में श्रमदान से हुआ, जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ग्रो बैग में मिट्टी एवं खाद भरने का कार्य किया तथा वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की तैयारी की। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन, कार्यक्रम प्रभारी सुश्री साक्षी बंसोड़ एवं एनएसएस प्रभारी सुश्री मान्यता तिवारी ने ग्राम बड़गांव में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर ग्राम बड़गांव की सरपंच महोदया एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण, पर्यावरण जागरूकता रैली, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण तथा जैव विविधता संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

ग्राम बड़गांव में बरगद के वृक्ष के नीचे एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री साक्षी बंसोड़ ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपराओं एवं पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी।

इसके पश्चात लांजी-किरनापुर क्षेत्र के विधायक माननीय श्री राजकुमार करहि महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई एवं बढ़ते प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़कर वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।**

**जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अशोक के पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प..

### बाला साहेब शास उमावि में हुआ वृक्षारोपण..

जगप्रेरणा लांजी।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को ग्राम कारंजा स्थित बाला साहब शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***



कार्यक्रम शाला के प्रभारी प्राचार्य आर.के. चौधरी की उपस्थिति एवं इको क्लब प्रभारी मनोज नगपुरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अशोक के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का संकल्प नहीं, बल्कि जीवनभर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखरेख करना भी प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में शिक्षकगण एल.सी. मच्छिरके, जितेंद्र बागड़े, संतोष उईके, प्रजल टेंभरे, चित्रीव नगपुरे, अशोक रामटेके, टीकाराम मस्की, कु. कौशल्या दशहरे, श्रीमती एस. रिनायत, श्रीमती भूमेंश्वरी येरपुडे एवं कल्पना आसटकर सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी प्राचार्य आर.के. चौधरी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा, हरियाली और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। सभी ने संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वच्छ एवं स्वस्थ धरती के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# कोटेश्वर बस्ती शाखा द्वारा स.शि.म. में किया वृक्षारोपण..



जगप्रेरणा लांजी।

***विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर लांजी क्षेत्र में विभिन्न संगठनों के द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण और हरित आंदोलन को बल देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों कोटेश्वर बस्ती प्रौढ़ व्यवसायी शाखा के द्वारा सुबह 7 बजे सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पौधरोपण किया।***

इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संतोष मोरघड़े जिला सहप्रचार प्रमुख, विजय रामटेक्कर खंड संघ चालक, योगेन्द्र दहीकर खंड कारवाह, अरूण आसटकर बौधिक प्रमुख, रमेश वाकले प्रर्यावरण प्रमुख, सुखपाल भर्रे सद्भाव प्रमुख, अमित हेजिब सह पर्यावरण प्रमुख, दिनेश रामटेक्कर शाखा प्रमुख, टेकचंद बिहोने, नरेश आसटकर, प्रवीण बैस, सुनील रामटेककर व अन्य सदस्यों के अलावा राष्ट्र सेविका समिति की बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# 18 हजार की आबादी वाले देश ने चीन को दिखाई आंखें, कहा- ताइवान का समर्थन करते रहेंगे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***प्रशांत महासागर में स्थित छोटे द्वीपीय देश पलाऊ ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह ताइवान के साथ अपने राजनयिक संबंध बनाए रखेगा और किसी भी बाहरी दबाव के आगे नहीं झुकेगा।***




करीब 18 हजार की आबादी वाले इस देश ने चीन के आर्थिक, राजनीतिक और साइबर दबाव के बावजूद ताइवान का समर्थन जारी रखने का फैसला दोहराया है। ताइवान के अखबार ताइपे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान के राष्ट्रपति कार्यालय ने घोषणा की है कि उपराष्ट्रपति शियाओ बी-खिम शनिवार से अगले बुधवार तक पलाऊ की यात्रा करेंगी। यह यात्रा पलाऊ के राष्ट्रपति सुरांगेल व्हिप्स जूनियर के निमंत्रण पर हो रही है।

### चीन ने ताइवान से संबंध तोड़ने का डाला दबाव

पलाऊ के राष्ट्रपति सुरांगेल व्हिप्स जूनियर कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि चीन ने पलाऊ पर ताइवान से अपने राजनयिक संबंध समाप्त करने का दबाव बनाया है। अप्रैल में दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि चीनी अधिकारियों ने सीधे तौर पर उनके देश से ताइवान के खिलाफ बयान देने और उससे दूरी बनाने को कहा था, लेकिन उनकी सरकार ने इस मांग को साफतौर पर खारिज कर दिया। व्हिप्स ने कहा कि किसी भी विदेशी शक्ति को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि वह पलाऊ को बताए कि उसे किन देशों के साथ संबंध रखने चाहिए।

### पर्यटन को बनाया गया दबाव का हथियार..

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने पलाऊ पर दबाव बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र का भी इस्तेमाल किया। वर्ष 2017 में जब पलाऊ ने ताइवान के बजाय चीन को मान्यता देने से इनकार कर दिया, तब बीजिंग ने अपने नागरिकों के पलाऊ जाने वाले ग्रुप टूरिज्म पर प्रतिबंध लगा दिया। इसका सीधा असर पलाऊ की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ा। बाद में चीनी अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यात्रा संबंधी चेतावनियां भी जारी कीं। पलाऊ ने इसे अपनी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की एक और कोशिश माना। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने यह भी प्रस्ताव दिया था कि यदि पलाऊ ताइवान से संबंध तोड़ ले तो बड़ी संख्या में चीनी पर्यटकों को वहां भेजा जाएगा, लेकिन पलाऊ सरकार ने यह प्रस्ताव भी ठुकरा दिया।

### पलाऊ ने चीन पर लगाए थे कई गंभीर आरोप

आर्थिक दबाव के साथ-साथ पलाऊ को सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। वर्ष 2024 में हैकरों ने सरकार के 20 हजार से अधिक गोपनीय दस्तावेज लीक कर दिए थे। इनमें ताइवान के साथ राजनयिक संपर्कों और अमेरिका-जापान से जुड़ी सैन्य गतिविधियों की जानकारी भी शामिल थी। पलाऊ के राष्ट्रपति सुरांगेल व्हिप्स जूनियर ने कहा था कि उपलब्ध सबूत चीन की संभावित भूमिका की ओर इशारा करते हैं, हालांकि चीन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। वहीं, कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि चीन समर्थित नेटवर्क निवेश, मीडिया कैंपेन और लॉबिंग के जरिए पलाऊ पर प्रभाव डालने की कोशिश कर रहे हैं।


### ताइवान के साथ पूरी तरह अडिग खड़ा है पलाऊ

लगातार आर्थिक, राजनीतिक और साइबर दबाव के आरोपों के बावजूद पलाऊ ने साफ संकेत दिया है कि वह ताइवान के साथ अपने संबंध बनाए रखेगा। छोटे आकार और सीमित संसाधनों के बावजूद पलाऊ का यह रुख अंतरराष्ट्रीय राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि पलाऊ का यह फैसला इस बात का संकेत है कि कई छोटे देश भी अपनी विदेश नीति को लेकर स्वतंत्र रुख अपनाने की कोशिश कर रहे हैं और चीन जैसे देशों के दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं हैं।

# भरतलाल तिड़के का निधन..

जगप्रेरणा लांजी।

***मनेरी फाटक लांजी वार्ड नंबर 10 निवासी व नगर परिषद लांजी से सेवा निवृत भरतलाल तिड़के का 72 वर्ष की आयु में 5 जून को अपराह्न 3 बजकर 05 मिनट पर निधन हो गया।***



आप अपने पीछे दो पुत्र नितिन तिड़के, निलेश तिड़के व तीन पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इनका अंतिम संस्कार आज 6 जून को सुबह 10बजे कोटेश्वर मोक्षधाम में किया जाएगा। इनके निधन पर सामाजिक बंधुओं, परिजनों, नाते रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# श्रीनगर के रैनावारी इलाके में लगी भीषण आग, 3 मंजिला इमारत समेत कई घरों में फैली; 2 लोग झुलसे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***श्रीनगर के रैनावारी इलाके के कलवाल मोहल्ले में गुरुवार रात को भीषण आग लग गई, जिससे कम से कम चार रिहायशी घरों को नुकसान पहुंचा और घनी आबादी वाले इस इलाके में अफरा-तफरी मच गई।***



सूचना के बाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज विभाग और पुलिस की टीमें बचाव और आग बुझाने के अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचीं।

### कई इमारतों में फैली आग..

एक अधिकारी ने बताया कि फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज मुख्यालय, बटमालू को रात करीब 9:30 बजे कलवाल मोहल्ला, रैनावारी से आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन रैनावारी की टीम को तुरंत रवाना किया गया और वे घटनास्थल पर पहुंचे। चूंकि आग पहले ही आस-पास के घरों में फैल चुकी थी, इसलिए अतिरिक्त मदद मांगी गई। इसके बाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज मुख्यालय की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। वहां पहुंचने पर देखा गया कि एक तीन-मंजिला, L-आकार की रिहायशी इमारत पूरी तरह से आग की लपटों में घिरी हुई थी।

इसके अलावा एक और तीन-मंजिला रिहायशी घर भी आग की चपेट में आ गया था। आग को और फैलने से रोकने और नुकसान को कम करने के लिए फायर फाइटर्स ने अभियान शुरू किया। पुलिस स्टेशन रैनावारी और स्थानीय निवासियों के प्रभावी सहयोग से, आग को सफलतापूर्वक केवल उन्हीं इमारतों तक सीमित रखा गया, जिससे आस-पास की अन्य संपत्तियों को नुकसान होने से बचा लिया गया।

### आग में झुलसे दो लोग..

इस अभियान के दौरान, फायर फाइटर्स ने प्रभावित इमारतों में से एक लकवाग्रस्त बुजुर्ग व्यक्ति को सफलतापूर्वक सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बचाव और अग्निशमन कार्यों के दौरान, फायर स्टेशन बाबडेम्ब का एक फायर फाइटर और एक नागरिक घायल हो गए। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच की जा रही है।

### रियासी के बटोही इलाके में अचानक आई बाढ़..

वहीं, गुरुवार शाम को रियासी जिले की महोर सब-डिवीजन के बटोही इलाके में अचानक पानी का तेज बहाव आने से करीब 7-9 घरों को नुकसान पहुंचने की खबर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण एक नाले का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे पानी का तेज बहाव निचले इलाकों में आ गया।

इस घटना से वहां रहने वालों में दहशत फैल गई और गांव के कई घरों को नुकसान पहुंचा। कुछ स्थानीय लोगों को शक है कि ऊपरी इलाकों में बादल फटने की घटना हुई हो सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि घटना के सही कारण का पता अभी नहीं चल पाया है।






मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर
शनिवार 06 जून 2026



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591



# साहब! चौथी लाईन को भी भी दे दी मंजुरी, पर कब बनेगे किडगीपार एवं ब्राम्हणी रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज..

### ग्रामीण मार्ग पर तेजी से हो रहे रेल्वे ओवरब्रिज एव अंडरपास के काम किंतु अतीव्यस्त मार्ग पर रेल्वे क्रासिंग पर नहीं बनाये जा रहे मंजुर ओवरब्रिज।

### अतिआवश्यक मार्ग गोंदिया - आमगांव मार्ग पर किडगीपार एव आमगांव-देवरी मार्ग पर बाम्हणी मार्ग पर रेल्वे ओवरब्रिज का काम थडेबस्ते मे।

### एक नही दो नही कई बार पांच पांच ट्रेन जाने के बाद ही खुलती है फाटके।

### वाहनों से जाने वाले मरीजों एव एमुबुलेस से उपचार के लिए जाने वाले मरीजों को जान जाने का खतरा बढा।

**जगप्रेरणा आमगांव।**

राष्ट्रीय महामार्ग का काम एवं आमगाव-गोदिया मार्ग पर लगातार यातयात बड़े पैमाने पर बढते जा रही इन दोनों महामार्ग पर बाम्हणी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज एव किडंगीपार रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज अतीआवश्यक हो चुका है इन मार्ग पर आमगांव-गोदिया मार्ग पर का ओवरब्रिज करीब 12 साल पहले से मंजुर किया गया था जिसके लिये निधी भी मंजुर किया गया है साथ ही बाम्हणी क्रिसींग पर का ओवरब्रिज भी मंजुर है ग्रामीण भागो के रेल्वे क्रासिंग पर उड्डाणपुल का निर्माण तेजी से हो रहा है किंतु तहसिल मुख्यालय को जिल्हा मुख्यालय से जोड़ने वाले आमगांव-देवरी अत्यंत व्यस्त मार्ग पर के रेल्वे क्रासिंग पर के ओवरब्रिज पुरी तरह थंडे बस्ते में है।

यह दोनों ओवरब्रिज बनाने मे लग रही देरी के चलते महाराष्ट्र राज्य से मध्यप्रदेश एव छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाले इस मार्ग पर चलने वाले वाहन चालक भी परेशान हो रहे है एक तरफ मार्ग अच्छा बन जाने की वजह से वाहनचालकों का यात्रा का समय बच रहा है किंतु रेल्वे क्रासिंग पर चौकी कभी आंधे घंटे बंद रहने से यात्रा मे बडे समय की बरबादी हो रही रोजना इन दोनों रेल्वे चौकी पर लंबी लंबी कतारें देखनें मिल रही है ऐसी मे केंद्र मे राज्य मे भी नागरिक ने विकास के मुद्दे पर उसी सरकार को केंद्र मे तीसरी बार एव राज्य में दुसरी बार चुनकर दिया सरकार मंजुर काम को करने में दिक्कत ना आये कितु पिछले 10 सालो से मंजूर किडगीपार रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज साथ ब्राम्हणी रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज नही बनने से वाहनचालकों लगातार परेशान होना पड़ रहा है

आमगांव-देवरी एनएच-543 राष्ट्रीय महामार्ग का निर्माण 2017 से प्रारंभ किया गया था। केंद्र सरकार ने इस 38.2 कि.मी. के सीमेंट मार्ग एवं विविध निर्माण कार्य के लिए 294.4 करोड. रु. की लागत राशि मंजूर की थी. इस महामार्ग के निर्माण करीब करीब पुर्ण हो चुका है किंतु रेलवे ब्रिज के अभाव में फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग रही है एवं वाहन चालकों का समय बर्बाद हो रहा है राष्ट्रीय महामार्ग पर बाम्हणी रेलवे ओवरब्रिज,किडंगीपार रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज बाम्हणी रेलवे ब्रिज के काम में महामार्ग विभाग को अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं दिखाई दे रही है जिसके चलते बाम्हणी रेल्वे ओवरब्रिज नही बनाये जाने से समस्या और भी विक्राल रूप धारण कर रही रेल्वे क्रासिंग बाम्हणी हो रेल्वे क्रासिंग किडंगीपार हो दोनों ही रेल्वे क्रासिंग पर प्रतीदिन वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग रही है रेल्वे की पटरी बढने से तेजी से रेल्वे ट्राफीक बढ रहा है।

ऐसे में पहले एक दो ट्रेनें रेल्वे पटरी से गुजरने के रेल्वे फाटक खुल जाता था किन्तु अब एक दो नही तो कभी चार तो कभी पाच ट्रेन जाने के बाद ही रेल्वे फाटक खुलती हैं ऐसे मे रेल्वे क्रासिंग पर वाहन चालक को आधे घंटे से पाऊन घंटे तक का समय बर्बाद हो रहा है ऐसे मे सबसे ज्यादा समस्या एम्बुलैंस से अस्पताल अपना ईलाज करने जाने वाले मरीजों एवं छात्र छात्रा जो अपने इंतहान देने जाने वाले हो रही है अनेक बार रेल्वे क्रासिंग पर अपने वाहनों पर रेल्वे क्रासिंग खुलनें का इंतजार करने वालो के समय का बांध टुट जा रहा है ऐसे मे रेल्वे क्रासिंग से अपने वाहनों को दुसरी तरफ अवैध रूप से ले जाने का प्रयास करने मे बडी दुर्घटना होने की संभावना बढ जाती है

### सबसे विक्राल समस्या किडकीपार रेल्वे चौकी एवं ब्राम्हणी रेल्वे चौकी की..

आमगांव-गोदिया मार्ग स्थित किडगीपार चौकी एव आमगांव-देवरी मार्ग दोनों मार्ग अत्यंत व्यस्त मार्ग है सालेकसा देवरी तहसील मुख्यालय को जिल्हामुख्यालय से जोड़ने के साथ यह मार्ग छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश राज्य को भी जिल्हा मुख्यालय से जोड़ने वाला मार्ग है इस लिहाज से यह मार्ग अत्यंत व्यस्त मार्ग है पहले रेल्वे की केवल दो लाईन थी तो रेल्वे का रेल्वे लाईन पर ट्रफीक कम था किन्तु अब रेल्वे की तिसरी लाईन भी बन गई है जिससे रेल्वे ट्राफिक बढ गया ऐसे चौकी पर से कभी दो कभी तीन तो कभी चार रेल गाड़ी क्रासिंग होती हैं किडंगीपार चौकी एव ब्राम्हणी रेल्वे चौकी बंद रहने से आये दिन वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग रही कई बार चौकी पुरे 45 मिनट से भी अधिक समय तक बंद रही जिससे वाहनो की लंबी लंबी कतारें लगी रहीं है।

चौकी पर ओवरब्रिज पिछले 7 से 8 सालो से मजुर होने की बात कही जा साथ ही तिसरी लाईन की मंजूरी से पहले से यह ओवरब्रिज मंजुर होने की बात भी कही जा रही है ऐसी मे तिसरी लाईन बन भी गई एव उसपर रेल्वे की यातयात शुरु भी हो गई एवं अब गोंदिया-डोगरगंढ चौथी लाईन को भी मंजूरी मिल गई है दोनो ओवरब्रिज हेतु निधी भी मंजुर होने की बात भी कही जा रही है पिछले कुछ महीनों पहले पुल निर्माण को लेकर मिट्टी परीक्षण का काम शुरु था किन्तु ओवरब्रिज निर्माण को लेकर कार्यवाही अबतक नहीं दिखाई दे रही है जिसके चलते इस चौकी पर वाहन चालक आये दिन परेशान दिखाई दे रहे है।

### ओवरब्रिज निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि की चुप्पी..

रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज की समस्या अत्यंत ज्वंलत समस्या है किन्तु इस समस्या को लेकर स्थानीय सांसद विधायक की चुप्पी बनी हुई है एवं ओवरब्रिज निर्माण में हो रही देरी को लेकर शासन प्रशासन को किसी भी प्रकार का पाठपुरवा करते स्थानीय जनप्रतिनिधि नही दिखाई दे रहे हैं जिससे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर वाहनचालकों मे असंतोष बढते दिखाई दे रहा है।



### बोले सोमेश्वर असाटी..

'किंडगीपार रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज एवं ब्राम्हणी रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज दोनों ओवरब्रिज अतीआवश्यक ओवरब्रिज है इन दोनों ओवरब्रिज का निर्माण तुरंत किया जाना अतीआवश्यक है रोजाना वाहनचालकों का समय बर्बाद हो रहा है जिसका परिणाम आमगांव के विभिन्न क्षेत्रों के व्यापार पर भी हो रहा है दोनों ओवरब्रिज बने तो तालुका मुख्यालय से जिला मुख्यालय की कनेक्टिविटी बढेगी।'



### बोले उत्तम नंदेश्वर..

'किंडगीपार रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज एवं ब्राम्हणी रेल्वे क्रासिंग ओवरब्रिज दोनों ओवरब्रिज अतिआवश्यक ओवरब्रिज है इन दोनों ओवरब्रिज का निर्माण तुरंत किया जाना अतीआवश्यक है रोजाना वाहनचालकों का समय बर्बाद हो रहा है व्यापारी, छात्र, मरीज, किसान, नोकदार सभी परेशान दोनों ओवरब्रिज अतिआवश्यक है जिस पर निश्चित रूप से जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए एवं यथाशीघ्र ओवरब्रिज निर्माण का काम शुरु होना आवश्यक है'।

# निलज के पुल का अधूरा निर्माण कार्य तुरंत पूरा करें, अन्यथा उग्र आंदोलन..




### केशोरी ग्राम पंचायत की प्रशासन को सीधी चेतावनी, उपविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***देवरी तहसील की ग्राम पंचायत केशोरी के अंतर्गत आने वाले मौजा निलज में पुल का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों और स्कूली छात्रों को भारी मानसिक व***

शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगामी मानसून (बारिश का मौसम) सिर पर होने के कारण यह मार्ग पूरी तरह से ठप होने की आशंका पैदा हो गई है। इस गंभीर समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए केशोरी ग्राम पंचायत ने आक्रामक कदम उठाया है। उन्होंने उपविभागीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसडीएम) कार्यालय, देवरी को लिखित ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मौजा निलज में पुल के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई थी। लेकिन, संबंधित ठेकेदार और प्रशासन की लापरवाही के कारण उक्त पुल का निर्माण आज भी अधूरी स्थिति में अटका हुआ है।

अब चूंकि बारिश के दिन बेहद करीब आ गए हैं, इसलिए इस मार्ग पर यातायात अत्यंत दयनीय और खतरनाक हो गया है। गांव के नागरिकों, किसानों और मुख्य रूप से स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को इस अधूरे काम की वजह से हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पुल पर ही 'धरना आंदोलन' करने की चेतावनी..

नागरिकों और छात्रों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए केशोरी गांव के सरपंच, उपसरपंच और ग्राम पंचायत कार्यालय की ओर से 5 जून 2026 को देवरी के उपविभागीय अधिकारी को एक सार्वजनिक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से ठेकेदार और प्रशासन को तत्काल आदेश देकर पुल का निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही, यह स्पष्ट चेतावनी भी दी गई है कि यदि यह निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ, तो गांव के सभी नागरिकों की ओर से सीधे निलज पुल पर ही 'धरना आंदोलन' शुरू कर दिया जाएगा।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा गरमाया..

निलज क्षेत्र के कई छात्र हर दिन शिक्षा के लिए इसी मार्ग से आते-जाते हैं। बारिश शुरू होने पर, अधूरे पुल के कारण इस स्थान पर पानी का बहाव बढ़ने से किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रशासन ठेकेदार को तत्काल कड़े आदेश देकर इस काम को युद्ध स्तर पर पूरा करवाए, यह मांग जोर पकड़ रही है।

ग्राम पंचायत के इस आक्रामक रुख के बाद, अब देवरी के उपविभागीय अधिकारी और संबंधित निर्माण विभाग क्या कदम उठाते हैं, इस पर पूरे क्षेत्र की निगाहें टिकी हुई हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें।।
मो। 9329033433

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### आमगांव मे 35 हजार रुपये का बकरा चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/6/2026 के रात 12 बजे के दरम्यान महारीटोला आमगाव मे फर्यादी राजकुमार टोहनलाल अजितवार उम्र 56 वर्ष ने गाव मे देवी के नाम से बकरा छोड़ा था। घटना के रात मे आरोपी रविन्द्र भादुलाल बावनथडे उम्र 26 वर्ष ने बकरा चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 400/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बर्वे 562 पोस्टे आमगा व कर रहे है।

### प्रतिबंधित सुगंधित तंबाखु मिलने से दुकानदार पर हुई कार्यवाही मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत प्रतिबंधित तंबाखु का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/ 6/ 2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान रतनारा मे फर्यादी चैतन्य जनार्दन नानोटे उम्र 28 वर्ष निवासी सिव्हील लाईन गोंदिया ने आरोपी बसंतलाल टिकाराम चिखलोंडे उम्र 63 वर्ष की दुकान मे चेकिंग की तो दुकान मे प्रतिबंधित तंबाखु रिमझीम 6 किलो, सुंगंधीत तंबाखु 26.4 किलो कुल 16 हजार 500 का माल पकड़ाने से दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 324/2026 धारा 123,274, भान्यास 2023 सहकलम 26,2,1,26,2,4,27,3, डी,27,3, ई, 30, 2, ए, 3, 59 अन्न सुरक्षा मानके अधिनियम 2006 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी महेश राठोड पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

### तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/6/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान नवेगावबांध मे चेतन दशरथ नाहामुर्ते उम्र 33 वर्ष निवासी देवलगाव की 2 दिन से तबीयत खराब थी। उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल नवेगाबांध मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर के मेमो और फर्यादी के बयान पर पोस्टे नवेगावबांध मे अकस्मात मौत क्रमांक 11/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच मपोहवा प्रिया रामटेके 1679 पोस्टे न वेगावबांध कर रहे है।

### मछली खरीदने गये अधेड़ की बैग से सोने के गहने चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार रावणवाडी बाजार मे फर्यादी संतोष कासीराम डोंगरे उम्र 59 वर्ष निवासी शिरपुर ने अपने सोने के गहने युको बँक से छुड़ाकर घर जाते समय वह रावणवाडी के साप्ताहिक बाजार मे मछली खरीदने के लिये रुके, मछली खरीदते समय अज्ञात चोर ने उनके बँग से एक नेकलेस, दो लटकन, कुल 3 तोले सोने के गहने किमत 1 लाख 50 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफपोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 307/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी ओंकार धेंडे पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदोरा में के. पी. असाटी पब्लिक स्कूल द्वारा 'विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस हेतु महा वृक्षारोपण अभियान'..




**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम में प्राचार्य सुरेश उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. श्रद्धांजली चौधरी, सिस्टर अर्चना कामळे, सिस्टर वर्षा पारधी, सिस्टर भूमिता भगत एवं लैब टेक्नीशियन आचल बड़गे सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। के.पी. असाटी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुरेश उपाध्याय के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। संचालक संस्कार असाटी ने स्वास्थ्य केंद्र के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में हरियाली और स्वच्छता का संदेश देते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी स्कूल द्वारा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

इस अभियान की सबसे भावनात्मक पहल विद्यार्थियों की एक्टिविटी 'एक पेड़ माँ के नाम' रही। कार्यक्रम अंत में सभी प्रतिभागियों ने 'एक व्यक्ति, एक पेड़ तथा एक पेड़ माँ के नाम' का नारा लगाकर समापन किया।

# कानून तोड़ने की कोशिश रही नाकाम, चिचगढ़ पुलिस ने सुबह-सुबह छापा मारा..

### 2.81 लाख रुपये का कीमती सामान ज़ब्त किया..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***चिचगढ पुलिस ने सुबह-सुबह पुलिस थाना चिचगढ़ की सीमा में गैर-कानूनी तरीके से विदेशी शराब ले जा रही एक गाड़ी पर छापा मारा***

और 2,81,185 रुपये का कीमती सामान ज़ब्त किया। इस कार्रवाई से गैर-कानूनी शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, जब चिचगढ़ पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी रात की गश्त पर थे, तो काकोड़ी की ओर जा रही एक चार पहिया गाड़ी संदिग्ध हालत में मिली। पुलिस ने जब गाड़ी को रोकने की कोशिश की, तो ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी और भाग गया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया।

गोठनापार और वडेकसा के बीच जंगल वाले इलाके में पहुंचने के बाद, ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी को सड़क किनारे छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन संदिग्ध भागने में कामयाब रहा। इसके बाद जब पुलिस ने संदिग्ध गाड़ी की जांच की तो उसमें **GOVA** कंपनी की 231 बोतल विदेशी शराब मिली। जब्त शराब की कीमत लगभग 31,185 रुपये है और कार नंबर **CG 08 AJ 8334** की कीमत लगभग 2,50,000 रुपये है, कुल 2,81,185 रुपये का माल जब्त किया गया। इस मामले में आरोपियों के खिलाफअलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है और चिचगढ़ पुलिस आगे की जांच कर रही है। यह कार्रवाई थानेदार हेगड़कर, पोह राउत, पोह मर्सकोल्हे, पोशी झोडे और पोशी भिसे ने मिलकर की।

# मरम्मत कार्य के चलते बाम्हणी गेट चार दिनों तक रहेगा बंद, वैकल्पिक मार्गो से होगा आवागमन..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत धानोली-आमगांव रेलखंड पर स्थित समपार फाटक क्रमांक 493 (बाम्हणी गेट) को मरम्मत कार्य के लिए अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेलपथ), आमगांव कार्यालय द्वारा सूचना जारी की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डाउन लाइन पर बीसीएम मशीन के माध्यम से ट्रैक मरम्मत कार्य प्रस्तावित है। कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से समपार फाटक क्रमांक 493 पर (आमगाव - देवरी महामार्ग पर 543 सडक क्रमांक) सड़क यातायात अस्थायी रूप से बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार 4 जून, 5 जून, 8 जून तथा 11 जून 2026 को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक बाम्हणी गेट से वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

### इन मार्गो का करें उपयोग..

यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने नागरिकों एवं वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है। बंद अवधि के दौरान वाहन चालक रेलवे ओवरब्रिज **(ROB)** तथा समपार फाटक क्रमांक 496 (कुम्हारटोली गेट) का उपयोग कर सकते हैं। आमगांव-देवरी महामार्ग की ओर जाने वाले वाहन कुम्हारटोली गेट मार्ग से पाऊलदौना होते हुए बोरकन्हार तक आवागमन कर सकेंगे। वहीं बोरकन्हार से पाऊलदौना-कुम्हारटोली मार्ग होते हुए आंबेडकर चौक, आमगांव तक पहुंचा जा सकेगा।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों, स्थानीय नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों और समयावधि में वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें तथा मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने में सहयोग प्रदान करें।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है।**

**अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145



जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


# दुष्प्रचार करने के पीछे अमन तिगाला और अन्य ने हमसे मांगी मोटी रकम, हमारे पास सबूत - रोहित झा

■ सफलता के झुठे दावो और अन्य आरोपों पर कैरियर जोन ने अधिवक्ता के साथ प्रेस कॉन्फ्रेस में आरोपो को किया खारिज..

■ विद्यार्थियो के स्वर्णिम भविष्य के प्रति जताई प्रतिबद्धता..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया में हम विगत 13 वर्ष से जेईई, नीट परीक्षार्थियों को उनके लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाने प्रयास करते हुए कोचिंग सेंटर का संचालन कर रहे हैं, तथा बीते वर्षों में कैरियर जोन ने गोंदिया में सर्वाधिक सफलता दर्ज की है, लेकिन जैसे जैसे कैरियर जोन सफलता के शिखर पर पहुंच रहा है, कुछ प्रतिद्वंदियों की शह पर हमारा दुष्प्रचार करने का प्रयास किया जा रहा है, तथा दुषित मानसिकता***

एवं अवैध वसूली का दबाव बनाने की चाहत में एनएसयूआई के छात्र नेता अमन तिगाला एवं उनके साथियों द्वारा ऐसा किया गया है, ऐसे आरोप आज 05 जून को कैरियर जोन के संचालक रोहित झा ने अपने संस्थान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर लगाए। इस अवसर पर अधिवक्ता शैलेन्द्र गढ़पायले एवं दर्शना रामटेके भी उपस्थित थे, जिन्होंने कि पत्रकारों को तीन लोगों के खिलाफ 50 लाख रुपये की मानहानि का नोटिस भी न्यायालय के माध्यम से भिजवाने की बात कही, तथा पूर्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा लगाये गए सभी आरोपों को नकारते हुए शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के लिये अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की।

## बोले रोहित झा..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित झा ने कहा कि विगत 13 वर्ष से हम गोंदिया में कैरियर जोन कोचिंग का संचालन कर रहे हैं। इन 13 वर्षों में हर वर्ष सफलता का एक नया रिकार्ड बनाने में भी हमारे संस्थान ने सफलता अर्जित की है। लेकिन यह सफलता अब बहुत से लोगों को चुभ रही है, इसलिये हमारे खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है।

रोहित झा ने कहा कि हमारे संस्थान पर यह आरोप लगाए गए है कि हमारी कुछ शैक्षणिक संस्थाओं से सांठ गांठ है, तो यह मनगढ़त आरोप है। इसी प्रकार होर्डिंग लगाकर प्रचार करने एवं नगर परिषद की टैक्स चोरी के संदर्भ में जो आरोप लगाए गए हैं, वह भी बेबुनियाद है क्योंकि जो भी होर्डिंग लगाई जाती है, उसका टैक्स गोंदिया नगर परिषद को विधिवत दिया जाता है। रोहित झा ने कहा कि अपने विद्यार्थियों की सफलता का प्रचार जरुर हमारे संस्थान द्वारा किया जाता है, लेकिन किसी भी प्रचार में कहीं भी एडमिशन ओपन का प्रचार नहीं किया जाता, बल्कि अपने विद्यार्थियों की सफलता के साथ उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाना कहीं से अनुचित नहीं है।

## हमसे की गई बड़ी डिमांड..

रोहित झा ने आगे आरोप लगाया कि दुष्प्रचार करते हुए हमारे संस्थान को जिस तरह से बदनाम करने का कार्य किया गया है, उसी के साथ हमें डराने, धमकाने एवं चमकाने का कार्य किया गया, तथा बड़ी डिमांड की गई, जिसका हमारे पास सबूत है, तथा यह सबूत हम माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे। रोहित झा ने बताया कि हमने माननीय न्यायालय में मानहानि का केस अमन तिगाला, अमन मेमन रोगतिया एवं महेन्द्र लिल्हारे को भेजा है। पत्रकारों के सवालों के जवाब में रोहित झा ने बताया कि 50 लाख रुपये की मानहानि का केस दर्ज कराने के लिये न्यायालय में फीस के तौर पर 92 हजार रुपये भी जमा किये गए हैं।

## बोले अधिवक्ता गढ़पायले..

कैरियर जोन के अधिवक्ता शैलेन्द्र गढ़पायले ने प्रेस कॉन्फ्रेस में बताया कि उनके क्लाईंड रोहित झा के संस्थान को बदनाम करने के लिये लगाए गए झूठे आरोपों के खिलाफ प्रकरण का अध्ययन करते हुए माननीय न्यायालय में 50 लाख का मानहानि का दावा किया गया है, जिसमें बीएनएस की धारा 356, 308, 351 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया गया है, जिसमें नोटिस जारी कर दिया गया है, तथा इस मामले में अब न्यायालय के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है।

धाराओं से संबंधित विषय पर अधिवक्ता श्री गढ़पायले ने बताया कि जबरन दबाव, दुष्प्रचार, बदनामी के साथ ही कैरियर जोन के कम्प्यूटर से डाटा चोरी करने का भी इसमें विषय शामिल किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय के संज्ञान में लाया जायेगा।

## बोले अमन तिगाला..

मानहानि मामले में एनएसयूआई के छात्र नेता अमन तिगाला ने कहा कि हमें नोटिस प्राप्त हुआ है, छात्रहित में संघर्ष करना हमारा कार्य है, और उसे करते हुए हमने छात्र हित में जो आरोप लगाए, यदि वह आरोप झूठे हैं, तो उसे भी कैरियर जोन को साबित करना होगा। अमन तिगाला ने यह भी कहा कि अवैध वसूली या किसी भी प्रकार के अनुचित दबाव का आरोप झूठा और बेबुनियाद है, तथा उसका भी आरोप हम न्यायालय में अवश्य देंगे।

# विदर्भ प्रसिद्ध रोकड़े ज्वेलर्स के ज्वेलसूत्र एग्जीबिशन का आमगांव में हुआ भव्य शुभारंभ..

07 जून तक आमगांव में आभूषण प्रेमियों को हो सकेंगे आकर्षक एवं कलात्मक आभूषणों के दीदार..







जगप्रेरणा आमगांव।

***विदर्भ के प्रतिष्ठित और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड रोकड़े ज्वेलर्स द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित ज्वेलसूत्र एग्जीबिशन 2026 का आज आमगांव के शुभमंगलम हॉल एंड लॉन, सालेकसा रोड, में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी के पहले ही दिन आमगांव एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ज्वेलरी प्रेमियों और परिवारों ने उपस्थित होकर शानदार प्रतिसाद दिया।***

पहली बार आमगांव में आयोजित इस भव्य एग्जीबिशन ने शुरुआत से ही ग्राहकों का विशेष आकर्षण प्राप्त किया। शानदार डिज़ाइन्स, विशाल वैरायटी, आकर्षक ऑफर्स और भरोसेमंद गुणवत्ता ने ग्राहकों को बेहद प्रभावित किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में गीता शिवनकर, प्रियंका असाटी, प्रल्हाद असाटी, श्रुति कटकवार, वर्षा शर्मा तथा संतोष शर्मा ने उद्घाटक के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

समारोह में प्रमुख अतिथियों के रूप में रूपम शर्मा, वैशाली तिराले, हिना चौहान, रूमा दुबे, रिम्पी उखरे, सुनीता मल, चंदा कोठारी, आरती भैया, शिबू गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, ललित अग्रवाल एवं हीरा नागपुरे की गरिमामयी उपस्थिति ने उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, समाज प्रमुख, आमगांव के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक एवं गणमान्य अतिथि भी समारोह में उपस्थित रहे और अपनी सहभागिता से उद्घाटन समारोह को भव्य एवं यादगार बनाया। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं ग्राहकों ने प्रदर्शनी में उपलब्ध विशाल कलेक्शन, आधुनिक डिज़ाइन्स और व्यवस्थित शॉपिंग अनुभव की सराहना की। हर अवसर के लिए विशेष ज्वेलरी कलेक्शन में प्रदर्शनी में ग्राहकों के लिए गोल्ड, डायमंड, सिल्वर ज्वेलरी का विशाल और आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिसमें ब्राईडल ज्वेलरी कलेक्शन, लेटेस्ट गोल्ड ज्वेलरी कलेक्शन, सिल्वर ज्वेलरी, गिफ्ट आर्टिकल, डेली वियर एवं ट्रेन्डी कलेक्शन, ट्रेडीशनल एवं मॉडर्न डिजाईन्स की शानदार वैरायटीयों का प्रदर्शन किया गया, जिसे आभूषण प्रेमियों ने विशेष रुप से पसंद किया।

## ग्राहको को दिये गए विशेष लाभ..

गौरतलब है कि रोकड़े ज्वेलर्स द्वारा आमगांव में एग्जीबिशन के दौरान ग्राहकों के लिये विशेष ऑफर्स के तहत लाभ प्रदान किये गए, जिसमें डायमंड ज्वेलरी में मेकिंग चार्जेस पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई। इसी प्रकार गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी पर मेकिंग चार्जेस पर 25 प्रतिशत छुट दी गई। इसी प्रकार ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत वेल्यू प्रदान करने के साथ ही गोल्ड शुद्धता चैकिंग की सुविधा भी प्रदान की गई। इसी के साथ-साथ निःशुल्क ज्योतिषीय परामर्श सेवा को भी लोगों का शानदार प्रतिसाद मिला, जिसके माध्यम से ग्राहकों को अपनी राशि के अनुसार सही रत्न चुनने की सुविधा प्रदान की गई। इस पहल से ग्राहकों को सही मार्गदर्शन मिलने के साथ-साथ खरीदारी का अनुभव भी अधिक सुविधाजनक और लाभदायक बना।

## बोले पारस रोकड़े..

रोकड़े ज्वेलर्स के डायरेक्टर पारस रोकड़े ने ज्वेलरी एग्जीबिशन के अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राहकों तक बेहतरीन डिज़ाइन्स, विश्वसनीय गुणवत्ता और आकर्षक ऑफर्स एक ही स्थान पर पहुंचाना है। हम आमगांव एवं आसपास के सभी नागरिकों को परिवार सहित इस भव्य एग्जीबिशन में सादर आमंत्रित करते हैं। पारस रोकड़े ने आगे कहा कि पहले दिन की शानदार सफलता के बाद यह एग्जीबिशन 06 एवं 07 जून 2026 को भी जारी रहेगा। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे अपने परिवार के साथ अवश्य पधारें और शानदार कलेक्शन एवं विशेष ऑफर्स का लाभ उठाएं।

# श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल में किया गया जागतिक तंबाकू निषेध दिवस पर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***शासकीय मेडिकल कॉलेज गोंदिया एवं श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जागतिक तंबाकू निषेध दिवस पर सफल मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।***

गोंदिया मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. कुसुमाकर घोरपड़े के निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज की टीम श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल पहुँची एवं जागतिक तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में मार्गदर्शन शिविर डॉ. श्रृति सरयाम ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों, इसके प्राणघातक प्रभावों तथा तंबाकू की लत लग जाने पर उससे छुटकारा पाने के उपायों पर विशेष मार्गदर्शन किया।

डॉ. सचिन नाकाड़े ने सभी को जीवन में कभी भी तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई। डॉ. मयूर मेश्राम ने तंबाकू छोड़ते समय होने वाली कठिनाइयों एवं उनसे निपटने के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल ने सभी को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्था सचिव श्री प्रकाशचंद कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी प्रकार का व्यसन मनुष्य के जीवन के लिए हानिकारक होता है और इसके परिणाम अत्यंत गंभीर हो सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों वेद पारधी एवं श्रेयसी पारधी ने भी तंबाकू निषेध विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए।

इस भव्य मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम में शाला के प्रधानाध्यापक श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री अजय शामका, श्रीमती भारती रहांगडाले, श्रीमती अर्चना अग्रवाल एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं समन्वयन श्रीमती भारती रहांगडाले मैडम द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम का सफल संचालन प्रारंभ से लेकर आभार प्रदर्शन तक अत्यंत प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया, जिसके परिणामस्वरूप यह मार्गदर्शन शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सरकारी छात्रावास प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जगप्रेरणा गोंदिया।

सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के अंतर्गत आयुक्त, समाज कल्याण, महाराष्ट्र राज्य, पुणे द्वारा 25 मई 2026 को जारी परिपत्र के अनुसार शासकीय छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

इसके अनुसार गोंदिया जिले में पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों (लड़के एवं लड़कियों) के लिए 8 शासकीय छात्रावास संचालित हैं। पोर्टल के माध्यम से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। विद्यालयी छात्र (कक्षा 8वीं के लिए)ः छात्रावास प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 है। कनिष्ठ विभाग (कक्षा 11वीं) तथा गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिएः छात्रावास प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी एवं अभिभावक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पिछड़ा वर्गीय बालक शासकीय छात्रावास, गोंदिया के गृहपाल से संपर्क कर सकते हैं अथवा कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07182-230556 पर संपर्क कर सकते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर

# विधायक विनोद अग्रवाल के करकमलों से किया गया श्रीराम वृक्षारोपण समिति द्वारा वृक्षारोपण..

उत्कृष्ट कार्य हेतु देवेश मिश्रा का हुआ सत्कार..





जगप्रेरणा गोंदिया।

आज दिनांक 5 जून 26 को विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था श्रीराम वृक्षारोपण आयोजन समिति द्वारा गोंदिया शहर के मोक्षधाम परिसर में बन रहे पार्किंग स्पेस एवं आकर्षक मूर्तियां से सज्जित उद्यान क्षेत्र में गोंदिया के लोकप्रिय विधायक विनोद अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिति में छायादार एवं आकर्षक कदम, नीम, पीपल, बादाम एवं टरमेलीया जैसे लगभग 100 वृक्षों का वृक्षारोपण कर शुभारंभ किया गया, जो की सतत पूरे निर्माण कार्य तक 3000 वृक्षों का लक्ष्य है। इस अवसर पर श्रीराम वृक्षारोपण समिति के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि शहर में हो रहे कंक्रीटकरण के कारण शहर में ÷हिट आयलैंड इफेक्ट÷ की वजह से शहर का तापमान आसपास के एरिया से चार-पांच डिग्री अधिक रहता है। शहर के बीच के एरिया में वृक्षारोपण की बहुत ज्यादा आवश्यकता है इसके लिए शासन द्वारा शहर में उपलब्ध शासकीय परिसरों एवं ओपन स्पेस वृक्षारोपण के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए एवं शहर में जो पार्किंग की बहुत गंभीर समस्या है इसके लिए शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर वहां पर ÷क्लीन गोंदिया ग्रीन गोंदिया÷ जैसे अभियान चला कर शासन के सहयोग से ग्रीन पार्किंग स्पेस तैयार करना चाहिए जिसमें श्री राम वृक्षारोपण समिति तत्पर एवं सक्षम है साथ ही मोक्ष धाम परिसर में बन रहे पार्किंग स्पेस एवं गार्डन स्पेस के विकास हेतु शासन से अधिक से अधिक सहयोग अपेक्षा व्यक्ति की। विधायक विनोद अग्रवाल ने पर्यावरण एवं वृक्षारोपण का महत्व समझाते हुए शहर के विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं श्रीराम वृक्षारोपण समिति के वृक्षारोपण के कार्यों के लिए शहर में भूमि, मिट्टी एवं पानी की व्यवस्था एवं मोक्ष धाम समिति के कार्यों के लिए फंड की पूरी व्यवस्था एवं उपरोक्त अच्छे सामाजिक कार्यों के लिए सभी प्रकार से सहयोग करने का मंतव्य व्यक्त किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन रोचकता के साथ श्री राम वृक्षारोपण समिति के अपूर्व अग्रवाल ने किया। प्रमुख रूप से अशोक अग्रवाल, सुजीत सिंघानिया, भीकम शर्मा, रोशन जायसवाल, जयंत अग्रवाल ,शिव अग्रवाल, आकाश श्याम अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, सकल समाज मोक्षधाम सेवा समिति के देवेश मिश्रा, अंकित कुलकर्णी, कृष्णकांत बिसेन, अनिल मेश्राम, रजनीश जायसवाल, अमित झा, दिनेश द्विवेदी, सचिन चौरसिया, हरीश अग्रवाल, सचिन (बंटी) मिश्रा, लायंस क्लब गोंदिया राइस सिटी के पुष्पक जसानी, रुचिता चौहान एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने पर देवेश मिश्रा का सत्कार किया गया यह विशेष उल्लेखनीय है।


अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com